सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
06.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 321




# नेक इरादा निभा रहे वादा...

**झारखण्ड में पहली बार हुआ इन अद्वितीय तकनीकों का उपयोग**

- रेलवे भाग में 132 मीटर लंबाई का एक्सट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज
- हरमू नदी के ऊपर 94 मीटर लंबा एक्सट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज
- 42 मीटर ऊंचा मुख्य 4-4 पीलर (PYLON)
- पुल की नींव हेतु MONO-PILE FOUNDATION

**आधुनिक तकनीक का कमाल**

सड़क सुरक्षा हेतु PRECAST PIER CAP और PRECAST GIRDER तकनीक से निर्माण



अबुआ सरकार में झारखण्ड को मिली एक और

# फ्लाईओवर की ऐतिहासिक सौगात

रांची में नवनिर्मित फ्लाईओवर **कार्तिक उरांव जी** के नाम से जनता को समर्पित

| शिलान्यास | उद्घाटन |
|---|---|
| 19 अगस्त 2022 | 05 जून 2025 |
| **लम्बाई** | **कुल लागत** |
| 2.34 किमी | ₹355.76 करोड़ |

सिरमटोली चौक से मेकॉन चौक तक यात्रा का **समय 30 मिनट से घटकर 5 मिनट हुआ**

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 354384 (IPRD) 25-26

# झारखंड में लगभग 70 प्रतिशत वन भूमि, हमें संजोकर रखना होगा : सीएम



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की जरूरतों पर डाला प्रकाश, पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की अपनी विशेषता है। हमें इसे ध्यान में रखते हुये योजनाएं बनानी चाहिये। हमें झारखंड के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिये काम करना चाहिये। उनकी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिये प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति की है और गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चे आज अच्छे अंक लाकर सीएम एक्सीलेंस की सूची में आ रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना से ग्रामीण महिलायें आत्मनिर्भर हो रही हैं। झारखंड में लगभग 70 प्रतिशत वन भूमि है। इसे हमें संजोकर रखना होगा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि शहरों के व्यवस्थित विकास के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में कई योजनायें धरातल पर उतर चुकी है और कई योजनाओं का क्रियान्वयन जल्द होगा। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिये सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस फ्लाईओवर के चालू होने से राजधानी वासियों को काफी हद तक ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी । हमारी सरकार राज्य की जनता के प्रति जिम्मेदारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ निभा रही है। एक जिम्मेदार सरकार होने के नाते हम शहर से लेकर गांव तक हर व्यक्ति, वर्ग, समुदाय और तबके के हितों को ध्यान में रखते हुये कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ लगातार हो रहा है । पर्यावरण पर हो रहा यह हमला मानव जीवन और जीव जंतुओं के लिये खतरा बनता जा रहा है । आज पर्यावरण पूरी दुनिया के लिये चिंता का विषय बन चुका है। ऐसे में पर्यावरण को बचाने के लिये हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का नाम ही हरियाली का प्रतीक है। जल, जंगल और जमीन इस राज्य की पहचान है।

किसी ना किसी माध्यम से हम सदियों से प्रकृति की पूजा करते आ रहे हैं। हमें ना सिर्फ प्रकृति के साथ जुड़ा रहना है। बल्कि इसे और समृद्ध करने के लिए पहल करना है। उन्होंने पर्यावरण फ्रेंडली चीजों से दोस्ती करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक पर्यावरण के लिये सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। एक छोटा सा प्लास्टिक का बैग आपकी जिंदगी को खतरे में डाल सकता है। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, संजय प्रसाद यादव, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक अमित कुमार महतो, सुरेश बैठा, राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव सुनील कुमार, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सचिव अबुबकर सिद्दीक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद थे।

# जनता की समस्याओं का समाधान करने में ढील नहीं बरतें अधिकारी : शिल्पी नेहा

## जनता दरबार में कृषि मंत्री ने सुनी गई लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि जनता की उचित समस्याओं का त्वरित निदान उनका मौलिक हक है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे जनता की समस्याओं का समाधान करने में ढील नहीं बरतें। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा की जनता लालफिताशाही में न फँसे,उनकी समस्या फाइलों में उलझ कर ना रहे। जनता को भी अपने हक और अधिकार के बारे में जागरूक रहना होगा,अगर सरकार के अधिकारी कार्य करने में आनाकानी करते हैं तो शिकायत करें,उस पर कार्रवाई होगी।

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि पशुपालन के क्षेत्र में जनता की समस्याओं का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया गया है,अन्य विभागों के संबंध में प्राप्त समस्याओं के निराकरण हेतु उचित फोरम के माध्यम से प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के बीच रहती है और जनता का काम करने का हमने संकल्प लिया है। जनता की समास्या का समाधान करने में किसी भी प्रकार की कोताही वर्दास्त नहीं की जाएगी।

**कई तरह की समस्याओं से रू-ब-रू हुई मंत्री :** जनता दरबार की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार में कुल 85 लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमें से कुछ कृषि विभाग से संबंधित समस्याओं पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में लिप्तीपाड़ा, धनबाद, सरायकेला,बरहेट,रांची,पलामू, लातेहार, गढ़वा, हजारीबाग, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र के लोगों ने तालाब जीर्णोद्धार, पीटी निर्माण कृषक मित्रों का बकाया भुगतान, जमाबंदी,डीप बोरिंग,धान खरीद की राशि नहीं मिलने, पैक्स चुनाव,कृषि ऋण माफी, पारिवारिक भूमि विवाद,पेंशन, मुआवजा,मेधा डेयरी, स्टाल, मछुआरा आयोग के गठन, जमीन विवाद सहित अन्य समस्याओं को रखा।

इस क्रम में वेदांत कौस्तव द्वारा सिल्ली के विभिन्न गांव में विद्युत व्यवस्था बहाल करने, चरण केवट द्वारा मथुरा मछुआरा आयोग का गठन करने, निजाम अंसारी द्वारा कुकुक्ट केंद्र के समुचित विकास करने, प्रिया रंजन सिंह हुसैनाबाद के द्वारा फॉक्स में फर्जी ढंग से चुनाव होने के संबंध में अपनी बातें रखी।

**कांग्रेस कोटे के अन्य मंत्रियों का भी लगेगा जनता दरबार :** सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस द्वारा जन समस्याओं की पहल के लिए जनता दरबार का आयोजन प्रारंभ किया गया है। पूर्व में भी चारों मंत्रियों द्वारा कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार लगाया गया था, बीच में विधानसभा सत्र तथा अन्य राजनीतिक परिस्थितियों के कारण कांग्रेस मुख्यालय में जनता दरबार को स्थगित रहा रखा गया था जो पुनः प्रारंभ हो गया है। आगे आने वाले समय में बाकी मंत्रीयों का भी जनता दरबार आयोजित होगा।

जनता दरबार में प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री राकेश सिन्हा, विधायक श्रीमती ममता देवी, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, राजन वर्मा, नरेंद्र लाल गोपी, जगदीश साहू भी उपस्थित थे।

**इन्होंने भी रखी अपनी समास्या**

जनता दरबार में मुर्शीद आलम, चांदनी कुमारी,विनोद खलको, प्रतिमा देवी,अनिल सिंह, बबलू कुमार,रामवृक्ष महतो, तनवीर आलम,सुनील तिड़ू, सालखो देवी,गंगा उरांव,कुमारी टोप्पो, रविंद्र गोपी,मृत्युंजय कुजूर, पलक कुमारी, सतीश सोनी साहिल राम, जागरण पातर मुंडा, चरण केवट, रामावतार मंडल, पुष्पा कच्छप,जफर इमाम सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा।

**खबर एक नजर में**

## डीजीपी अनुराग गुप्ता की पत्नी के सर्टिफिकेट को फर्जी बताने वाली पीआईएल खारिज

**रांची।** राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता की पत्नी के सर्टिफिकेट को लेकर दर्ज मामले की सीबीआई जांच करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस जनहित याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि गया के तत्कालीन एसपी अनुराग गुप्ता की पत्नी शिखा गुप्ता के एमए इतिहास के सर्टिफिकेट के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। उसे मामले में स्वीकृत नहीं दी गई। बाद में अनुराग गुप्ता का कैडर झारखंड हो गया, लेकिन उस मामले की जांच नहीं हुई। प्रार्थी ने इसकी मांग सीबीआई से जांच करने का आग्रह हाइकोर्ट से किया था।

## राज्यपाल ने पर्यावरण दिवस व गंगा दशहरा की दी शुभकामनाएं



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा कि सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रकृति के अमूल्य उपहारों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग बनें और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लें। वहीं राज्यपाल ने गंगा दशहरा के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोक्षदायिनी मां गंगा के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का अविरल प्रवाह बना रहे।

## प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार, इसे बचाने का संकल्प लें : सुदेश महतो

**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुदेश महतो रांची जिले के बुढ़मू पहुंचे। यहां प्रखंड के कोठारी में जल, जंगल, जमीन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण को बचाने का अपना संकल्प दोहराया। पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा की प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार है। इस संरक्षित करने का संकल्प लेना होगा। हमें जंगल उजाड़ कर खनन से राजस्व प्राप्त करने के लक्ष्य को त्यागना होगा। हमें जंगलों को बचाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प लेना होगा। जंगल को बचाने का जो मॉडल और परंपरा हमारे पास वह दुनिया के लिए अनुकरणीय हो सकता है। कार्यक्रम में वन बचाओ अभियान के कार्यकताओं के साथ-साथ झारखंड आंदोलनकारी देवशरण भगत, वन बचाओ अभियान समिति के संजय बासु मल्लिक, हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी, हकीम अंसारी, रामजीत गंझु, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, किरिटी महतो, नागेश्वर महतो सूर्यमनी भगत, बिरसा उरांव सहित अनेक प्रकृति प्रेमी उपस्थित थे।

## कांग्रेस महासचिव से मिले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री



**रांची।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी मिले। मौके पर डॉ अंसारी ने उन्हें उन्हें झारखंड के अंसारी बुनकरों द्वारा तैयार किया गया हस्तनिर्मित अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह अंगवस्त्र न केवल एक सम्मान का प्रतीक है, बल्कि झारखंड की समृद्ध बुनाई परंपरा और अंसारी समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही उत्कृष्ट कला का प्रतीक भी है। राष्ट्रीय महासचिव से इस मुलाकात में उन्होंने झारखंड में एआईसीसी प्रभारी के राजू एवं सह प्रभारी वेला प्रसाद के अथक प्रयासों की भी सराहना की। इनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नया जोश और ऊर्जा देखने को मिल रहा है। वे लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं और संगठन को सशक्त बना रहे हैं। मंत्री ने कहा कि यह संवाद मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा और मैं झारखंड में और भी उत्साह के साथ जनसेवा के लिए कार्य करता रहूंगा।

# राष्ट्रपति के देवघर दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा, दिए निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 जून को दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंच रही हैं। उनके आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को यादगार बनाने पर बल देते हुए हर छोटी-बड़ी व्यवस्था को समय रहते चाक चौबंद कर लेने का निर्देश दिया। उन्होंने अबाधित विद्युत व्यवस्था पर जोर देते हुए राष्ट्रपति के आने-जाने वाले मार्ग के लैम्प पोस्ट, गैबियन और सड़क स्वच्छता पर विशेष फोकस करने पर बल दिया।

**डीजीपी ने दी सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति की सुरक्षा चार आइपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में तमाम पुलिसकर्मी संभालेंगे। इसमें आइबी और स्पेशल ब्रांच के अधिकारी भी शामिल रहेंगे।

**ये दिए गए निर्देश :** पब्लिक एड्रेस सिस्टमः सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी होगी।

मंच की व्यवस्थाः संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाः संबंधित विभागों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# नाइजर में अपहृत झारखंडियों की वापसी के लिए आजसू विदेश मंत्रालय के संपर्क में

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में आतंकियों द्वारा अपहृत पांच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी को लेकर आजसू पार्टी लगातार प्रयास कर रही है। पांचो भारतीय नागरिक झारखंड के गिरिडीह जिले के बागोदर के निवासी हैं। इसी साल 25 अप्रैल को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी के सकोइरा में आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन परियोजना में काम करने वाले इन पांच मजदूरों का अपहरण कर लिया था।

विदेश मंत्रालय का जवाब : विदेश मंत्रालय ने आजसू को भेजे गये जवाब में लिखा है कि अपहृत भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और उनकी जान को कोई खतरा नहीं है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि संभावित सीमा-पार प्रभावों को देखते हुए, विदेश मंत्रालय ने माली में भी राजनयिक चैनलों को सक्रिय किया है।

आजसू पार्टी विदेश मंत्रालय के संपर्क में : राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी विदेश मंत्रालय के संपर्क में है। आजसू अपने राज्य के मजदूरों को वापस लाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षित वापसी हमारा संकल्प है।

आजसू पार्टी ने इस पूरे अभियान का जिम्मा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी और पार्टी के वरीय नेता संजय मेहता को सौंपा। संजय मेहता ने इस समस्या को लेकर विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने विदेश मंत्रालय के अवर सचिव बीएन पांडेय, नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना, विदेश मंत्रालय में सेंट्रल और पश्चिम अफ्रीका के विदेशी मामलों के अधिकारी सेवाला नाइक मुड़े के ओएसडी फ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार से लगातार वार्ता की। इस वार्ता का असर हुआ।

नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना ने नाइजर के सेना प्रमुख से मुलाकात की। नाइजर के सेना प्रमुख कर्नल अब्दुर्रहमान तियानी ने इस मुलाकात में मजदूरों को रिहा करवाने का भरोसा दिया। यह मुलाकात 9 मई को हुई। आजसू की ओर से संजय ने इस मामले को लेकर विदेश मंत्रालय को 30.04.2025, 02.05.2025, 04.05.2025, 22.05.2025 और 23.05.2025 को पांच पत्र लिखे। कंपनी के अधिकारियों से भी बात की।

इसके बाद अब विदेश मंत्रालय ने संजय मेहता को भेजे गए जवाब में लिखा है।

# सीसीएल हर स्तर पर हरित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : निलेंदु

## 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 'विश्व पर्यावरण दिवस' पर सीसीएल मुख्यालय के गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर स्थित संगम सभागार में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कोल इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों को जीवंत पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने सभागार में उपस्थित सभी को 'पर्यावरण प्रतीज्ञा' दिलाई। जिसके बाद सीआईएल चेयरमैन पीएम प्रसाद के द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर सीसीएल कर्मियों के लिए दी गई विशेष संदेश को पढ़ा गया।

मुख्य अतिथि सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'पर्यावरण संरक्षण केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सामूहिक जवाबदेही है। सीसीएल हर स्तर पर हरित भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदूषण कम करने के लिए सीसीएल के द्वारा उठाए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सीआईएल, सीसीएल अपने क्षेत्रों में अपनी जरूरतों के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है, इस पर भी उन्होंने प्रकाश डाला।



निदेशक चंद्र शेखर तिवारी ने बताया कि सीसीएल द्वारा अब तक एक करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं तथा वृहद पैमाने पर वनीकरण और वृक्षारोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 'मिशन ग्रीन कोल रीजन' तथा 'डस्ट सप्रेशन सिस्टम' जैसे अभियान जल और वायु की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि छोटी-छोटी आदतें, जैसे बिजली-पानी की बचत, पर्यावरण संरक्षण में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने बच्चों में पर्यावरण के प्रति व्यवहारिक शिक्षा की जरूरत को रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि सीसीएल ने विगत वर्ष 2024-25 में हरित पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए अपने लक्ष्य से आधी, 245 हेक्टेयर से ज्यादा में वृक्षारोपण किया। इसके अतिरिक्त वायु प्रदूषण पर बेहतर निगरानी हेतु कमांड एरिया में 41 पीएम-10 एनालाइजर स्थापित किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति अपनी प्रतिबद्धा को समझते हुए सीसीएल ने वित्त वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में 1.25 और 2.05 क्रमशः मेगावाट पीक (एमडब्लूपी) छत पर सौर (रूफ टॉप सोलर) अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए हैं। इसके अलावा वित्त वर्ष 2025-26 में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2 मेगावाट छत पर सौर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हमें यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि सीसीएल ने अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में, 287.95 लाख यूनिट सौर ऊर्जा उत्पन्न की, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 23,000 टन सीओटू, उत्सर्जन में कमी आई।

हम पिपरवार क्षेत्र में 20 मेगावाट और गिरिडीह क्षेत्र में 04 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगा चुके हैं, इसके जरिए हम हजारों टन सीओटू, उत्सर्जन में कमी ला रहे हैं। इसके अलावा सतही जल की सुरक्षा हेतु सीसीएल परियोजनाओं में 104 तलछट तालाब (सेडीमेंटेशन पॉन्ड) एवं 34 ऑयल एवं ग्रीस ट्रैप का निर्माण किया गया है तथा 174 लाख किलोलीटर से अधिक अधिशेष खान जल का उपयोग लगभग 140 गांवों में सामुदायिक एवं सिंचाई कार्यों हेतु किया जा रहा है, जिससे लगभग 2 लाख लोगों को लाभ मिल रहा है।

### 'एक पेड़ माँ के नाम' की हुई शुरूआत

वहीं, अंत में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम की शुरूआत सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक चंद्र शेखर तिवारी, सीवीओ पंकज कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया। यह अभियान मातृत्व सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर समन्वय है। इसके तहत सीसीएल मुख्यालय समेत सभी क्षेत्रों में हजारों पेड़ों का वितरण और रोपण किया गया। मंच संचालन महाप्रबंधक (पर्यावरण) संगीता ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (पर्यावरण) राज कुमार ने किया। कार्यक्रम की सफलता में पर्यावरण विभाग और अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

### 'वार्षिक पत्रिका का हुआ विमोचन'

इस अवसर पर सीसीएल की वार्षिक पत्रिका नेचरर्स व्यॉस वॉल्यूम-3 का विमोचन किया गया, जिसमें वर्षभर की प्रमुख उपलब्धियों एवं कर्मचारियों की रचनात्मकता को दशार्या गया है। यह पत्रिका 'पर्यावरण विभाग' द्वारा प्रकाशित की गई है।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
06.06.2025

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ



## सीएम हेमंत ने सिरमटोली फ्लाईओवर जनता को किया समर्पित

- एलिवेटेड रोड परियोजना की शुरूआत अगस्त 2022
- 2.34 किलोमीटर लंबा है फ्लाईओवर
- 355.76 करोड़ की लागत आयी तीन साल से भी कम समय में बनकर हुआ तैयार

# कार्तिक उरांव के नाम से जाना जायेगा सिरमटोली फ्लाईओवर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर राजधानी रांची में नवनिर्मित सिरमटोली फ्लाईओवर को राज्यवासियों को समर्पित किया। उन्होंने आधुनिकतम तकनीक से निर्मित फोरलेन फ्लाईओवर एलिवेटेड पथ सह आरओबी परियोजना का उद्घाटन कर इसका नामकरण दिवंगत कार्तिक उरांव के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसी की भावना को ठेस न पहुंचे, इसका हम पूरा ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल होने का यह मतलब नहीं कि अपनी राजनीतिक रोटी चमकाने के लिए किसी की बली चढ़ा दें। यह इस सरकार में नहीं हो सकता, यह अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। सीएम ने कहा कि सिरमटोली फ्लाईओवर अनेक कारण से चर्चा में रहा, लेकिन, हम इस चर्चा पर नहीं जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग सस्ती लोकप्रियता के लिए बड़े वादे और बड़ी-बड़ी बातें कह जाते हैं। उन्होंने कहा कि शहरीकरण के कारण उत्पन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुये हमें योजनाएं बनानी होंगी। फ्लाईओवर और अंडरपास बनाने से शहरों में यातायात की समस्याओं का समाधान हो सकता है। सरकार जनता की सुविधा के लिये काम कर रही है, न कि राजनीतिक लाभ के लिये।



उन्होंने अपनी हालिया विदेश यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि दूसरे देशों की जीवनशैली और विचारधारा अलग है। हमें हमेशा उनकी अच्छी बातें सीखनी चाहिये। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड को दूसरे देशों जैसा बना देने की बातें सिर्फ सस्ती लोकप्रियता के लिए होती है।

**पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर :** मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। कहा कि झारखंड की पहचान उसकी हरियाली, नदियों और पहाड़ों से है। हमें इसे बचाने के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि गुलदस्तों की जगह पौधे भेंट करना ज्यादा सार्थक है। उन्होंने प्लास्टिक पर भी चिंता जतायी और कहा कि इससे निपटने के लिए हमें कानून के साथ मानसिक प्रतिबद्धता भी विकसित करनी होगी।

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री 20 जून को सीवान में करेंगे जनसभा

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को एकदिवसीय दौरे पर बिहार आयेंगे। तीन महीने के अंदर प्रधानमंत्री का यह तीसरा बिहार दौरा होगा। प्रधानमंत्री मोदी सीवान जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान बिहार को बड़ी सौगात भी देंगे। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यह जानकारी दी।

### राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सीएस ने की बैठक

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय झारखंड दौरे की प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है। राष्ट्रपति 10-11 जून को देवघर में बाबा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। उनके कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उच्च स्तरीय बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रपति के देवघर आगमन को यादगार बनाने पर बल दिया। सीएस ने कहा कि हर व्यवस्था को समय रहते चाक चौबंद कर लें।

### यात्री बस और टैंकर में टक्कर, छह घायल

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के अमझरिया घाटी में गुरुवार को यात्री बस और टैंकर में सीधी टक्कर में दोनों चालक समेत छह लोग घायल हो गये। दोनों चालकों की हालत गंभीर है। यात्री बस चंचल चतरा से रांची जा रही थी। अमझरिया घाटी में मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक से सीधी टक्कर हो गयी।

### डीजीपी ने बकरीद में सुरक्षा को लेकर बैठक की

**रांची।** बकरीद को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने गुरुवार को सुरक्षा बैठक कर सभी संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही अवैध बूचड़खानों पर नकेल कसने और पशु तस्करी पर भी रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। सात जून को लेकर पूरे राज्य में विशेष सतर्कता रखने कहा है। गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, जमशेदपुर और रांची जैसे संवेदनशील जिलों में विशेष रूप से सतर्क रहने की हिदायत दी गयी है।

### लाखों की अवैध शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**हंटरगंज/चतरा।** चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल की गुप्त सूचना के आधार पर बिहार भेजे जाने वाली अवैध शराब की खेप को हंटरगंज पुलिस ने जब्त किया। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो पिकअप को पकड़ा और जांच की। इस दौरान पुलिस ने बिहार भेजे जाने वाली अवैध शराब की खेप को जब्त की। पुलिस ने चालक को भी धर दबोचा है। पुलिस ने पिकअप से कुल 40 पेटी (960) पीस केन बोतल बियर बरामद की।

## जैक के अध्यक्ष ने जारी किया इंटर आर्ट्स का रिजल्ट

# साहिबगंज के देव तिवारी स्टेट टॉपर

**इस वर्ष आर्ट्स की परीक्षा में 95.62% बच्चे हुए पास**

- पूरे राज्य में 2.27 लाख विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा, 2.17 लाख विद्यार्थी हुए पास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जैक बोर्ड ने गुरुवार को आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट जारी कर दिया। इस बार आर्ट्स की परीक्षा में 95.62 फीसदी बच्चे पास किये हैं, जो कि पिछले वर्ष (93.16%) की तुलना में काफी बेहतर है। इस बार इंटर आर्ट्स की परीक्षा में कुल 2,28,959 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 2,27,222 ने परीक्षा दी थी और 2,17,273 छात्र सफल हुए हैं। इसमें 1,07,867 प्रथम श्रेणी से उत्तीण घोषिथ किये गये हैं। वहीं, 1,04,314 बच्चे द्वितीय श्रेणी से और 5,091 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीण घोषित किये गये हैं।



देव तिवारी, रैंक-1



प्रेरणा, रैंक-2

**11 फरवरी से 4 मार्च तक चली थी परीक्षा :** परीक्षा में साहेबगंज के देव तिवारी ने पूरे स्टेट में टॉप किया है। उसे कुल 481 मार्क्स मिले हैं। जबकि हजारीबाग की प्रेरणा ने पूरे राज्य में दूसरा स्थान पाया है।

गौरतलब हो कि इस साल जैक बोर्ड 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 4 मार्च तक आयोजित की गई थी। इससे पहले बोर्ड ने 27 मई को मैट्रिक का रिजल्ट और 31 मई को इंटर साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया था। इस बार इंटर साइंस में 79.26% और कॉमर्स में 91.2% छात्र पास हुए थे।

मालूम हो कि पिछले साल आर्ट्स में 93.16% परीक्षार्थी पास हुए थे और कांके प्लस टू हाई स्कूल की जीनत परवीन ने 472 अंकों के साथ स्टेट टॉप किया था। पिछली बार लड़कियों का प्रदर्शन शानदार रहा था।

रिजल्ट जारी होने के बाद जैक ने कहा है कि जिन विद्यार्थियों को अपने अंकों या परिणाम में किसी तरह की आपत्ति है, वे स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**रिजल्ट का फैक्टफाइल**

| | |
|---|---|
| फर्स्ट डिवीजन : | 1,07,867 |
| सेकंड डिवीजन : | 1,04,314 |
| थर्ड डिवीजन : | 5,091 |
| पास (अन्य) : | 01 |

### टॉप-5 में लड़कियों का रहा दबदबा

झारखंड बोर्ड की 12वीं की परीक्षाओं में लगातार छात्राओं का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। इस बार भी परीक्षा परिणामों में लड़कियों की सफलता दर अधिक रही, जिससे राज्य में बालिका शिक्षा को लेकर एक सकारात्मक संदेश गया है। राज्य के टॉप फाइव विद्यार्थियों में छात्राओं का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इनमें प्रेरणा कुमारी, कुमारी रितंभरा, श्रेया आनंद और अनन्या पॉल शामिल हैं। इस वर्ष की टॉप लिस्ट में सरकारी स्कूलों के प्रदर्शन ने यह भी साबित कर दिया कि अगर मेहनत और मार्गदर्शन सही हो, तो संसाधनों की कमी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती।

**आर्ट्स टॉप 10 स्टूडेंट की सूची**

| रैंक | छात्र का नाम | अंक | स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | देव तिवारी | 481 | +2 जेके हाई स्कूल, राजमहल। |
| 2 | प्रेरणा कुमारी | 470 | आरएन +2 हाई स्कूल, पद्मा, हजारीबाग। |
| 3 | सूरज कुमार दास | 466 | +2 जेके हाई स्कूल, राजमहल। |
| 3 | कुमारी ऋतम्वारा | 466 | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, कुम्हरलालो। |
| 4 | श्रेया आनंद | 464 | आरएन +2 हाई स्कूल, पद्मा, हजारीबाग। |
| 5 | अनन्य पाल | 463 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| 5 | उषा रानी | 463 | राजकीय इंटर कॉलेज, बालूमाथ, लातेहार। |
| 5 | शिवानी कुमारी | 463 | डॉ ए एन +2 हाई स्कूल, कैरो, लोहरदगा |
| 6 | तनु प्रिया शाही | 461 | आरएन शाही प्रोजेक्ट +2 एचएस धनबाद। |
| 7 | स्वीटी बरनवाल | 460 | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केंदुआ देवीपुर |
| 7 | आयुषी कुमारी | 460 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| 7 | तन्नु कुमारी | 460 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| 7 | लीपा गराई | 460 | एलबीएस +2 हाई स्कूल, जयपुरा |
| 7 | शान प्रताप सिंह | 460 | सेंट जेवियर्स कॉलेज |
| 7 | आलोक दास | 460 | यूपी +2 बीपी हाई स्कूल, बहाया। |
| 8 | अभिया शर्मा | 459 | उसुर्लाइन इंटर कॉलेज, रांची |
| 8 | मीनू पॉल | 459 | तारामणि मेमोरियल +2 एचएस, घाटशिला |
| 9 | रईस शेख | 458 | राजकीय +2 विद्यालय, सोनारायथारी |
| 10 | तृषा प्रमाणिक | 457 | +2 जेके हाई स्कूल, राजमहल। |

### एक करोड़ का इनामी नक्सली सुधाकर ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी का सदस्य और एक करोड़ के इनामी सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम ढेर हो गया। हालांकि अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विश्वस्त सूत्रों से सुधाकर के मुठभेड़ में मारे जाने की फोटो मिली है।

**शाह का दावा- 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल एक डेडलाइन जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। इस डेडलाइन के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

## डिग्री कॉलेजों में इंटर के दाखिले पर रोक मुख्यमंत्री ने बनायी तीन सदस्यीय समिति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजभवन के निर्देश के बाद राज्य के 62 डिग्री कॉलेजों में इंटर नामांकन की प्रक्रिया रोक दी गयी है। इस कारण करीब 62 हजार छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने हस्तक्षेप कर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें स्कूल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह शामिल हैं। गठित समिति पूरे मामले की समीक्षा करेगी। इसके बाद राज्यपाल से मुलाकात कर इंटर की पढ़ाई को जारी रखने को लेकर सरकार का पक्ष रखेगी। माना जा रहा है कि समिति एक वर्ष तक डिग्री कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखने की सिफारिश कर सकती है।

बताते चलें कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत 2026 तक चरणबद्ध तरीके से कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई को हटाया जाना था, लेकिन राजभवन के आदेश ने इस प्रक्रिया को एक साल पहले ही लागू कर दिया। इस कारण छात्रों को असुविधा हो रही है। कई छात्रों ने कॉलेजों में इंटर में नामांकन के लिए आवेदन कर रखा था, लेकिन अब उन्हें दाखिले से वंचित होना पड़ रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले, रखी कई मांग

# झारखंड में 4 हजार करोड़ की लागत से बनेगी मेडिको सिटी

**स्वास्थ्य सुविधाएं**

- झारखंड में छह नये मेडिकल कॉलेज खोलने का रास्ता हुआ साफ
- रांची को जल्द मिलेगा दूसरा एम्स और दो मेडिसिन टेस्टिंग लैब को भी मिली मंजूरी



**राजधानी रांची में भी एम्स की स्थापना की मांग :** डॉ. अंसारी ने रांची में भी एम्स की स्थापना की मांग की। उन्होंने कहा कि रांची राज्य की चिकित्सा गतिविधियों का केंद्र है और वहां एक एम्स की सख्त जरूरत है। साथ ही उन्होंने 100 वर्ष पूर्ण कर चुके रिनपास को अपग्रेड करने की भी मांग की। उन्होंने नड्डा जी को रिनपास के शताब्दी समारोह में आमंत्रित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिसिन टेस्टिंग लैब खोलने की मांग रखी। केंद्रीय मंत्री ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए दो टेस्टिंग लैब्स देने की स्वीकृति दी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी गुरुवार को दिल्ली स्थित निर्माण भवन में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिले। मुलाकात के दौरान मंत्री डॉ अंसारी ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई गंभीर और दूरदर्शी मांगें भी रखी। डॉ. इरफान अंसारी ने झारखंड में मेडिको सिटी की मांग को प्राथमिकता दी। उन्होंने बताया कि इसमें लगभग 4 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में प्रतिदिन हजारों मरीज आते हैं, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण उन्हें दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं को समर्पित एक सम्पूर्ण मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर राज्य के लिए आवश्यक है।

**झारखंड को चाहिये 39 मेडिकल कॉलेज :** डॉ. अंसारी ने बताया कि झारखंड में जनसंख्या अनुपात के हिसाब से कम से कम 39 मेडिकल कॉलेज होने चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल 9 ही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से छह नए मेडिकल कॉलेजों की मंजूरी देने की मांग की और कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार की स्वीकृति अनिवार्य है। राज्य में 213 सूचिबद्ध अस्पतालों के आयुष्मान भारत योजना के तहत लंबित भुगतान पर भी मंत्री ने चिंता जतायी। उन्होंने बताया कि ईडी के हस्तक्षेप के कारण भुगतान बाधित है, जिससे मरीजों और अस्पतालों को गंभीर दिक्कतें हो रही हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

**मेडिको सिटी के लिए मिलेगा आर्थिक सहयोग :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने डॉ अंसारी की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विभाग को निर्देशित किया कि झारखंड को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पूरा सहयोग मिले। उन्होंने मेडिको सिटी के लिए आर्थिक सहयोग और रांची में एम्स की की स्थापना का भरोसा दिया।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पृथ्वी की रक्षा करने का किया आह्वान

# पीएम मोदी ने सिंदूर का पौधा लगाया, कहा- नारी शक्ति और शौर्य का प्रतीक है यह उपहार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिकों से पृथ्वी की रक्षा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर लोगों से पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सभी के लिए हरियाली, स्वच्छ और अधिक सरल भविष्य का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण को हरा-भरा और बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सभी लोगों की सराहना की।

*'प्रकृति रक्षति,रक्षित:' अर्थात जो प्रकृति की रक्षा करते हैं, प्रकृति उनकी रक्षा करती है। पर्यावरण में संतुलन, ये हमारी पुरातन परंपरा का एक अहम हिस्सा है।*



इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष पौधरोपण अभियान का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। यह पौधा अरावली श्रृंखला परियोजना के एक हिस्से के रूप में लगाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत दो सौ इलेक्ट्रिक बसों को भी झंडी दिखाई, जो स्वच्छ परिवहन आवागमन को बढ़ावा देगी।

इसके अलवा प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर भी सिंदूर का पौधा लगाया। यह पौधा उन्हें 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान असाधारण साहस और देशभक्ति का परिचय देने वाली गुजरात के कच्छ की वीर माताओं और बहनों ने उपहार में दिया था। गुजरात के अपने हाल के दौरे को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सिंदूर का पौधा देश की नारी शक्ति की बहादुरी और प्रेरणा का एक मजबूत प्रतीक बना रहेगा।

# कार्यपालक अभियंता ₹60 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार के खिलाफ झारखंड एसीबी की टीम ने रांची में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता सनोथ सोरेन को 60 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सनोथ सोरेन को उनके कार्यालय से ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। कार्यपालक अभियंता बिल रिलीज करने के नाम पर रिश्वत मांग रहे थे। जिसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो के पास की गई थी। एसीबी सूत्रों ने कार्यपालक अभियंता के गिरफ्तारी की पुष्टि की है।



**क्या है पूरा मामला :** पूरा मामला बिल के भुगतान से संबंधित है। ग्रामीण विकास विभाग में काम करने वाले एक ठेकेदार का काफी बिल बकाया था। बिल रिलीज करने को लेकर कार्यपालक अभियंता लगातार रिश्वत की मांग कर रहे थे। तंग आकर ठेकेदार ने मामले की जानकारी और लिखित शिकायत झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो में की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पहले मामले की जांच की। जब आरोप में सत्यता पायी, तब गुरुवार को कार्यपालक अभियंता को पकड़ने के लिए एसीबी ने जाल बिछाया। जैसे ही ठेकेदार ने कार्यपालक अभियंता को 60 हजार रिश्वत दिया, वैसे ही पीछे से एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम पहुंच गई और कार्यपालक अभियंता को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## कार्टून कोना



सुप्रभात

शुक्रवार 06.06.2025

धनबाद, वर्ष 02, अंक 82

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित      सबकी बात सबके साथ




## स्पीड न्यूज

### चोरी की शिकायत पर महिला से पूछताछ

**मैथन।** कुमारधुबी बाजार में खरीदारी के दौरान गुरुवार को एक महिला के बैग से रुपए चोरी हो गयी। महिला ने पास में खड़ी एक अज्ञात महिला पर चोरी का आरोप लगाया है। सूचना पाकर कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंच आरोपी महिला को पकड़ ओपी ले आयी। उससे पूछताछ हो रही है। प्रभारी थानेदार रोशन मिंज ने कहा कि सूचना मिली थी की एक महिला दूसरी महिला जो के बैग से रुपया चुरा ली है। सूचना पर उक्त महिला को पकड़ कर ओपी लाया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वह कुछ भी नहीं बता रही है। तरह तरह का बयान दे रही है। महिला के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है।

### बकरीद को लेकर निकला फ्लैग मार्च



**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र में बकरीद पर्व को लेकर एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी, इंस्पेक्टर रविंदर नाथ महतो, थाना प्रभारी मुराद हसन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च गुरुवार को निकाला गया। एसडीपीओ विकास आनंद लगोरी ने कहा सभी लोग मिल जुल कर त्योहार मनायेंगे। शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनाए रखना है किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है। सोशल मीडिया में किसी भी घटना के बारे में पोस्ट करना है तो पहले उसकी सत्यता जान ले अन्यथा अफवाह फैलाने वाले पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च नारायणपुर बाजार, मुरलीपहाड़ी मोड़ में किया गया। इस मौके पर थाना 2 प्रभारी मुराद हसन सब इंस्पेक्टर साकेत प्रताप देव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### महुदा क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में पौधरोपण किया गया

**महुदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार को महुदा क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों में वृक्षारोपण किया गया। पुना महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा मोड़ में विद्यालय के सचिव धनेश्वर महतो सहयोगियों के साथ मिलकर विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण किया। पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया गया। प्रधानाध्यापक गौरव सिन्हा, पवन महतो, मिथुन महतो, टिंकू माहतो, धनकिष्टु, डोमनी देवी मौजूद थी। एमजीएम पब्लिक स्कुल चरकीटांड़ में पौधा रोपन किया गया। मौके पर संतोष कुमार महतो, समाजसेवी मथुर रवानी, प्रधानाचार्य प्रेम कुमार महतो, अनुज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**कतरास।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कतरास क्षेत्र के पारसनाथ उद्यान में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। महाप्रबंधक राजकुमार, एजीएम एम के पांडे, एपीएम अशोक कुमार, मोहन मुरारी, उमंग ठक्कर, प्रेम शर्मा, पर्यावरण अधिकारी-रितेश रंजन, आशीष रंजन सिंह, शैलजानन्द, दीक्षित, विकास कुमार, संजय चौधरी उपस्थित थे। श्रमिक संघ के नेता छोटू सिंह, बिपिन राय, हरेंद्र सिंह, राजा महतो, कंचन महतो, उमेश शर्मा सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि मौजूद थे। पर्यावरण जागरूकता मार्च निकाला गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित कर किया गया पौधरोपण

## स्वच्छता की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाएं : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद के द्वारा जामताड़ा जिला अंतर्गत नारायणपुर प्रखंड परिसर में अवस्थित एल्डर्स क्लब परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त रवि आनंद ने समस्त जिलेवासियों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प लेना चाहिए। यह पेड़ हमारे लिए ऑक्सीजन सिलेंडर का काम करते हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नारायणपुर मुरली यादव, अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता, प्रमुख अंजना हेम्ब्रम, सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें : मथुरा



**कतरास।** पेमिया-ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग धनबाद प्रमंडल के तत्वावधान में बीट प्लास्टिक प्रदूषण थीम पर आधारित कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर मुमकिन कदम उठाने का संकल्प लिया।टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। अपने आसपास के क्षेत्र को हर भरा रखें। इसके लिए जरूरी है कि हर व्यक्ति एक पौध अवश्य लगाएं।जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने हरियाली पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत है। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों ने स्कूल परिसर में एक-एक पौधे लगाए। कार्यक्रम में बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह, अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, झाकोमयू के चंडी देव, स्कूल के निदेशक दिनेश कुमार महतो, राकोमयू के पूर्व सचिव जनक लाल, झामुमो नेता मनोज कुमार महतो, दयाल महतो, बसंत महतो, आनंद महतो, सुमित महतो, शंकर चौहान, संजय राय, राजेंद्र पासी, राकेश पासवान, बीरू सिंह, केष्टो उरांव, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हर्ल ने प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने का लिया संकल्प



**सिंदरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड सिंदरी के बिजनेस यूनिट हेड गौतम माजी ने वरिष्ठ अधिकारियों और पर्यावरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रबंधक के साथ एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, दोबारा उपयोग करने और पुनर्चक्रण के सिद्धांतो को बढावा देने और पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। गुरुवार को केंद्रीय नियंत्रण कक्ष को दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लिए प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया। इसके अलावा जुलाई 2025 तक संयंत्र और उसके आसपास आवासीय क्षेत्र में 6000 से 7000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

## डीवीसी मैथन में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मैथन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डीवीसी, मैथन द्वारा मशीन वर्कशॉप एवं सीएसओ कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा वृक्षारोपण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एके झा ने कहा कि पर्यावरण हमारी धरोहर है। हमें न केवल इसे बचाना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी समृद्ध बनाना है। डीवीसी इस दिशा में सतत प्रयासरत है। वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों को लेकर विभागीय प्रयासों पर प्रकाश डाला और कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल के साथ-साथ स्वच्छ और हरित परिसर का निर्माण हमारा लक्ष्य है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सुरेंद्र साहू, सुरेंद्र प्रसाद, रोशन लकड़ा, मदन सेन, संजय कुमार संगम सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# गांडेय विधायक एवं जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड सभागार में विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन एवं जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें विद्युत आपूर्ति, चापाकल मरम्मत, जल आपूर्ति योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया।

विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत के लिए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि विभाग की सभी योजनाओं की वन-टू-वन मॉनिटरिंग की जा रही है। इस प्रक्रिया से योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी और आम जनता को जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को समय पर सभी परियोजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना तथा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उक्त योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरना और लोगों को इसका लाभ देना ही जिला प्रशासन प्राथमिकता है। जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो और ग्रामीणों को इसका शत-प्रतिशत लाभ मिलें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी, गांडेय समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बीआईटी सिंदरी के ईको क्लब तथा आईईईई स्टूडेंट ब्रांच ने किया पौधरोपण



**सिंदरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ईको क्लब और आईईईई स्टूडेंट ब्रांच ने संयुक्त रूप से बीआईटी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हटाने के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा दिया गया। ईको क्लब के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ बी डी यादव तथा विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अब्दुल कलाम, जेनरल वार्डन प्रो आर के वर्मा सिविल अभियंत्रण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने अपनी उपस्थिति से प्रेरित किया। इस अवसर पर दर्जनों पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन और हरित जीवन शैली पर चर्चा की गई। इस अभियान में प्रो प्रकाश कुमार, प्रो पी के सिंह, प्रो मनोज कुमार, प्रो बी एन राय, प्रो एस सी दत्ता ने भाग लिया।

### रामराज मंदिर परिसर में पौधरोपण



**कतरास।** विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर आयार्देव समर्पण सेवा फाउंडेशन द्वारा रामराज मंदिर चिटाहीधाम परिसर में पौधरोपण किया गया। इस मुख्य अतिथि खुशवंत कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। फाउंडेशन के सचिव रमेश महतो की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में मंदिर कमिटी के सदस्य राहुल महतो, अजय महतो विकास तथा सुरज भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी ने मिलकर मंदिर परिसर में विविध प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण की सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक किया। खुशवंत कुमार ने कहा धरती को हरा-भरा रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वृक्ष हमारे जीवन के रक्षक हैं, इनका संरक्षण ही भविष्य की सुरक्षा है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर सरकारी स्कूलों में किया गया पौधरोपण



**मैथन।** विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय दिवस है। इस अवसर पर गुरुवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इसी के तहत मध्य विद्यालय एग्यारकुण्ड में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्राओं के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि तेजी से बदलती इस दुनिया में तकनीकी विकास के कारण जिंदगी काफी आसान हो गई है। पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का फर्ज है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक विदन मंडल, कुमारी सोना दास, ज्योति कुमारी, मारुति बाउरी, अपर्णा बाउरी, चंदना बाउरी, दुलारी बाउरी आदि उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवलीबाडी दक्षिण में मुखिया द्वारा किया गया पौधरोपण



**कुमारधुबी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून गुरुवार को एगयारकुंड प्रखंड के शिवलीबाडी दक्षिण पंचायत में पौधा रोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण का महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें हरियाली और स्वच्छता पर प्राथमिकता देनी चाहिए। मौके पर मुखिया चंचल देवी, समाजसेवी पप्पू यादव, पंचायत सचिव अमित कुमार, सुषमा साहु, काजल सिंह, प्रीति गोराई सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** बकरीद पर्व को लेकर मुनीडीह ओपी परिसर में प्रभारी मनिता कुमारी की अध्यक्षता में तथा भागा बांध ओपी में प्रभारी धर्मराज कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी समुदायों के लोगों ने आपसी सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने पर सहमति जताई। प्रभारी मनिता कुमारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मुनीडीह ओपी में सुधीर कुमार सिंह, जितेश सिंह, बीरेंन गोप, मो तस्लीम, प्रीतम रवानी, हीरालाल रजक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। भागाबांध ओपी में राम बिलास पासवान, मो कयूम खान, गुड्डू खान, रामदेव महतो, रूपू खान, जेरुन बीबी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीसी ने सदर अस्पताल को लेकर किया बैठक

### स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में सदर अस्पताल एवं अस्पताल परिसर के आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक की गई।इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, आयुष केंद्र समेत परिसर अंतर्गत आधारभूत संरचना से संबंधित चल रहे नवीनीकरण कार्य, नए निर्माण के लिए पुराने बिल्डिंग(जो प्रयोग के लायक न हो) को तोड़ने का कार्य समेत अन्य कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। साथ हीं परिसर अंतर्गत चल रहे एएनएम स्कूल के संचालन, सीट, व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट में शौचालय, स्नान घर, लांड्री हेतु एक अलग भवन बनाने हेतु सुझाव दिए। साथ ही नवीनीकरण कार्य में तेजी लाते हुए जल्द समाप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। मौके सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन, सदर के नोडल पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार, कार्य कर रही एजेंसी के प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद थे।

# जीवन का अधिकार तब तक अधूरा है जब तक पर्यावरण सुरक्षित नहीं: पीडीजे

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में विविध कार्यक्रम का आयोजन

▸▸ डीसी, डीआरएम, नगर आयुक्त सहित बीसीसीएल के अधिकारियों ने पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समाज के हर वर्ग को अपने प्रियजनों के नाम कम से कम एक वृक्ष लगाने की बात कही गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने सिविल कोर्ट परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश लोगों को दिया। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में न्यायाधीश ने बागवानी व सफाई करने वाले सिविल कोर्ट के चार कर्मियों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया वहीं नगर निगम की टीम के द्वारा कचरा प्रबंधन के विषय में जानकारी दी गई। उपायुक्त आदित्य रंजन ने एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत बगुला स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पौधारोपण किया। उपायुक्त ने हर पौधे को विद्यालय की एक छात्रा के साथ टैग करने तथा छात्राओं को पौधे की अच्छे से देखभाल करने को कहा। डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीआरएम ने सभी रेलकर्मियों और आम लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बस डीपो और भेलाटाड वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और धनबाद वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि धनबाद में बढ़ता वायु प्रदूषण एक गंभीर चुनौती है। लेकिन बीते चार-पांच वर्षों में काफी सुधार हुआ है। पहले जहां पीएम-10 का स्तर 300 के करीब था, अब वह घटकर 144 तक आ गया है। यह वायु गुणवत्ता में हुई बड़ी प्रगति को दशार्ता है। नगर आयुक्त ने कहा कि इस दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा इस वर्ष पर्यावरण दिवस के अवसर पर करीब 3 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए स्थान भी चिन्हित कर लिए गए हैं।आज निगम क्षेत्र में लगभग 150 पौधों का रोपण किया गया है। इसके अलावा आईआईटी आईएसएम में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एक विशेष सेमिनार का भी आयोजन किया गया है। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई है।

वही पुलिस लाइन केंद्र में गोविंदपुर रेंज के डीएसपी शंकर कामती ने फलदार वृक्ष लगाए। उन्होंने कहा कि भविष्य के खतरों को देखते हुए हमें वृहद रूप से वृक्षारोपण करने की जरूरत है। समाज का हर व्यक्ति अपने माता-पिता और प्रिय जनों के नाम कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए।

### एमपीएल में पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मैथन।** मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने तथा धरा को बचाने का नारा बुलंद किया गया।जागरुकता रैली निकाली गई।प्लास्टिक से होने वाले खतरों से लोगों को अवगत कराया गया तथा कपड़े का झोला वितरित करते हुए प्लास्टिक के उपयोग से परहेज की सलाह दी गई। मौके पर पौधारोपण किया गया और विषय आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।यह कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलाया जाएगा। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव पर चिंता जाहिर करते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। सीएमओ सुभ्रा सुंदर चटर्जी, सीएमओ सर्विसेज डीके गंगवाल, पर्यावरण विभाग प्रमुख मलय राकेश एवं कापोर्रेट कम्युनिकेशन विभाग के अधिकारी अजय कुमार ने धरती को बचाने, प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण का प्रण लेने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए।

### पंचायती राज व ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह पहुंची कोडरमा

# ससमय योजनाओं को पूर्ण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड सरकार के पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह गुरुवार को कोडरमा पहुंची और स्थानीय परिसदन भवन में अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक के दौरान मंत्री ने अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा के तहत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना, खेल मैदान और कूप संवर्धन योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री ने अधूरे आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पौधरोपण कार्यक्रम को प्राथमिकता देने और लगाए गए पौधों की उचित देखभाल करने, सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत संचालित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मंत्री ने पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पंचायत सचिवालय को नियमित रूप से खुला रखने के लिए संबंधित प्रखंड के बीडीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के अलावे उपायुक्त ऋतुराज, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रिंस गोडविन कुजूर, प्रखंडों के बीडीओ, विभिन्न कार्य एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता आदि मौजूद थे।

### मेघातरी बस स्टैंड पर वाहन चालकों के साथ मारपीट का आरोप

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मेघातरी बस स्टैंड के ठीकेदार समेत 9 लोगों पर अवैध रूप से चुंगी मांगने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए, वेस्ट बंगाल बस एसोसिएशन के उप सचिव मो.. इम्तियाज ने कोडरमा थाना में मामला दर्ज करवाया है। कांड संख्या 90/25 में दर्ज मामले में एसोसिएशन के उप सचिव ने कहा है कि हमारी बसें मेघातरी से होते हुए बंगाल जाती है, कुछ समय से मेघातरी बस पड़ाव में हमारे बस एसोसिएशन के सभी बस चालकों और प्रवासी मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि अब से सभी बस से दुगना चुंगी कर चुंगी का रकम अदा करना होगा। दर्ज मामले में मारपीट का आरोप टिंकू कुमार दिबौर, रवि यादव अंधरबारी बिहार, कारू प्रसाद दोपटा नवादा, साधु यादव रजौली नवादा, सिकन्दर राजवंशी दिबौर, प्रदीप राजवंशी, आनन्द राजवंशी और आकाश राजवंशी दिबौर और ठीकेदार राजकुमार यादव जयनगर निवासी पर आरोप लगाया गया है।

## नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में किया गया पौधरोपण

● **पेड़-पौधे के बिना मानव जगत की कल्पना करना व्यर्थ है : शंभु कुशवाहा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विभागीय निर्देश के आलोक में अमृत मिशन 20 वूमेन फॉर ट्री कैम्पेन एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के द्वितीय चरण में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पौधरोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है, बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति असंतुलित होती जा रही है, जिसका खमियाजा आम जनजीवन के अलावे पशु-पक्षियों को भुगतना पड़ रहा है, यदि समय रहते पर्यावरण को बेहतर नहीं बनाया गया तो आने वाली पीढ़ी को कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि पेड़-पौधे के बिना मानव समेत सभी जीव जंतुओं की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने शहरवासियों से लगाए गए पौधों की देखभाल करने के साथ-साथ अपने बच्चों के जन्मदिन समेत अन्य खास मौकों पर पौधरोपण करने और उसको सुरक्षा प्रदान करने की अपील की। इस दौरान आवासीय परियोजनाओं में साफ-सफाई की गई, प्लास्टिक आउट फैब्रिक इन के तहत झोला का वितरण किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 31 अगस्त 2025 तक नगर पंचायत क्षेत्र के चिन्हित 12 स्थलों पर पौधरोपण करवाने की बात कही। मौके पर नगर प्रबंधक राजेश प्रसाद, संजीत कुमार साहू, जेई बिपिन साव, दुर्गा मरांडी, दिग्विजय कुमार, बालकृष्ण सिंह, रामदेव साव, रूपेंद्र गिरी बसंत कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत जानपुर पंचायत भवन में हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह, उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित, हैंड इन हैंड इंडिया के उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव, सुजीत कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं पूर्व मुखिया मेघलाल सिंह ने कहा कि जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेवारी है, मानव अनुकूल पर्यावरण बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे, नदी-नाला, पहाड़ का संरक्षण आवश्यक है। वहीं उप मुखिया रामदेव कुमार पंडित ने कहा कि आज सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए अभिशाप बनते जा रहा है, इसलिए प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा उसकी जगह पर कपड़े से निर्मित थैली, पेपर बैग इत्यादि का उपयोग करें। वहीं उप परियोजना प्रबंधक तुलसी कुमार साव ने कहा कि बढ़ते रासायनिक खाद एवं प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। हमें अपने प्राकृतिक संसाधनों के साथ अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा फलदार वृक्षों के पौधे भी उपलब्ध कराए गए। मौके पर रवि रंजन, साबिर अंसारी, बसंत कुमार, सविता कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## इंटर आर्ट्स में होटल संचालक की बेटी बनी जिला टॉपर

● **आईएएस बनकर देश का सेवा करना चाहती है आस्था**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**जयनगर (कोडरमा)।** परसाबाद स्टेशन रोड के होटल संचालक अजय सिंह की बेटी आस्था कुमारी 455 अंक लाकर जिला में पहला स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि आस्था ने एसएस हाई स्कूल परसाबाद से इंटर की परीक्षा दी थी। उन्होंने अंग्रेजी में 87, हिंदी में 86, हिस्ट्री में 90, ज्योग्राफी में 94, इलेक्ट्रॉनिक में 98 एवं पॉलिटिकल साइंस में 79 अंक लाकर कुल 455 अंक लाकर जिला टॉपर बनी है।

ज्ञात हो कि आस्था कुमारी बोर्ड की परीक्षा 2023 में बीएसवी उच्च विद्यालय स्टेशन रोड परसाबाद से पास की थी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि आगे मैं आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैं अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को धन्यवाद का पात्र मानती हूं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार पांडे ने कहा है कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया है।

वहीं बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, बीडीओ गौतम कुमार, थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह, प्राचार्य पंकज कुमार पांडे, राजेश सिंह, बृजेश मिश्रा, योगेश्वर कुमार, अंजु देवी, केदारनाथ यादव, अजय सिंह, संजय सिंह, हिन्द किशोर राम, सरफुद्दीन अंसारी, राजकुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, सुनील कुमार मनी सिंह, आशीष गुप्ता समेत कई लोगों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

**कोडरमा जिले के टॉप 10 में**

एसएस प्लस टू हाई स्कूल परसाबाद जयनगर की आस्था 455, प्लस टू हाई स्कूल जयनगर गजाला खातून 452, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल देवीपुर मरकच्चो से तरन्नुम प्रवीण 442 आरएमएमएम प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा रोशन राज 440, प्लस टू हाई स्कूल जयनगर अवंतिका कुमारी 439, एसएस प्लस टू हाई स्कूल परसाबाद जयनगर खुशी कुमारी 439, एसएस प्लस टू हाई स्कूल परसाबाद जयनगर आकृति कुमारी 438, आरएमएमएम प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा प्रियंका कुमारी 435, अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल डूमरडीहा कोडरमा रवीना कुमारी 435, प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल देवीपुर मरकच्चो सानिया परवीन 434, अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल कोडरमा सोनू कुमार 433, आरएलएसवाई कॉलेज झुमरीतलैया साधना कुमारी 431, आरएमएमएम प्लस टू हाई स्कूल चंदवारा श्याम सुंदर पंडित 431 के नाम शामिल हैं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बीडीओ व सीओ ने किया पौधरोपण

**सतगावां (कोडरमा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाइक व सीओ केशव प्रसाद चौधरी द्वारा पौधरोपण किया गया। इस दौरान बीडीओ ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं उन्होंने वृक्षों के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि वृक्ष न केवल वायु को शुद्ध करता है बल्कि धरती के तापमान को नियंत्रण करने में भी सहायक है। वृक्षों के बिना जीवन कठिन हो जायेगा। उन्होंने सभी से पौधरोपण करने व उनके रख-रखाव की अपील की। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में भी पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी दौरान खूंटा पंचायत सचिवालय में मुखिया फुलवा देवी व सचिव किसुन यादव तथा बासोडीह पंचायत सचिवालय में सचिव बालेश्वर यादव ने कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। इसके आलावे प्रखंड के सरकारी स्कूलों व विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में भी पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। मौके पर प्रखंड व अंचल कर्मी, स्थानीय मुखिया व आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका मौजूद थे।

### चतरा जिले में विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# पर्यावरण संरक्षण का दिलाया गया संकल्प

● **पौधरोपण, प्रभात फेरी, श्रम दान समेत हुए अन्य कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले के सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर निरंजना नदी के संरक्षण हेतु जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यकम अन्तर्गत श्रम दान (स्वच्छता कार्यकम) प्रभात फेरी, वृक्षारोपण, संकल्प आदि कार्यकम का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित समेत कई पदाधिकारी, कर्मी, गणमान्य लोगों ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर बढ़-चढ़ कर भाग लिया। नमामि गंगे परियोजना अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों, विद्यालयों समेत अन्य जगहों पर भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजनों को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फल्गु नदी पौराणिक नदी है। ऐसे में इसका संरक्षण के लिए सभी की पहल जरूरी है। उन्होंने फल्गु नदी के तट पर कल्पतरु का पौधा भी लगाया। उपायुक्त समेत वरीय अधिकारियों ने यहां वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही आम लोगों से भी पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। उपायुक्त ने यहां पेड़ पौधों में रक्षा सूत्र बांधकर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि यह पौराणिक फल्गु नदी जिले के कई प्रखंडों से होकर गुजरती है। इसके संरक्षण के लिए नमामि गंगे परियोजना चलाया जा रहा है। उन्होंने इस परिसर में वृक्षारोपण के लिए वन विभाग को निर्देशित किया। वहीं सिमरिया प्रखंड के बेलगडा में फल्गु (निरंजना) नदी की उद्गम स्थल से बेलगडा चौक तक प्रभात फेरी निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजनों द्वारा श्रमदान किया गया।

उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी को विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सभी यहां दो अत्यंत महत्वपूर्ण अवसरों को मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं- विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा। यह सिर्फ एक संयोग नहीं, बल्कि हमें प्रकृति और संस्कृति के गहरे संबंध को समझाने वाला संदेश है। हमें प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनानी होगी, वृक्षारोपण को सिर्फ प्रतीक नहीं, अभियान बनाना होगा, गंगा सहित सभी नदियों को प्रदूषण मुक्त करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन इस दिशा में कई कदम उठा रहा है। लेकिन यह प्रयास तब सफल होगा, जब आप सभी जनभागीदारी से इसे जन आंदोलन बनाएंगे। मैं आप सबसे अपील करती हूं कि हर नागरिक एक 'पर्यावरण प्रहरी' बनें। मां गंगा का संरक्षण केवल एक आस्था नहीं, हमारी सांस्कृतिक और पारिस्थितिक जिम्मेदारी भी है।

**AFFIDAVIT**

I, Subodh Kumar Ray, son of Late. Ram Pratap Ray, resident of Village- Rewali, Post-Rewali, Police Station-Katkamsandi, District-Hazaribagh, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and state as follows:

1. That I am the father and natural guardian of my minor son whose details are stated below.
2. That the name of my minor son is currently recorded as Himanshu Kumar Ray in his Aadhaar Card.
3. That the correct name of my son as per his Birth Certificate is Satvik Kumar Ray.
4. That I request and intend to update/correct the name of my minor son in the Aadhaar records from Himanshu Kumar Ray to Satvik Kumar Ray, in accordance with his official birth certificate.
5. That this affidavit is made for the purpose of declaring the correct name of my son and for updating the same in his Aadhaar Card and other relevant records.
6. That the information stated above is true and correct to the best of my knowledge and belief, and nothing material has been concealed therefrom.

VERIFICATION, the above-named deponent, do hereby verify that the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief. Verified at Hazaribagh on this. 5th day of Jun, 2025.

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, गुमला**

**अप्रेन्टिसशिप मेला संबंधी सूचना**

उप निदेशक प्रशिक्षण (मु0) निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के आदेशानुसार दिनांक–09.06.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक इण्टर महिला महाविद्यालय, गुमला में आई0टी0आई0 पास/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc गैर तकनीकी छात्रों 5वीं से स्नातक आदि अभ्यर्थियों के लिए अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले अभ्यार्थी सभी कागजातों के साथ मेला में भाग ले सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकरी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 354303 Labour Employment and Traning(25-26).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक, उपकारा, बरही (हजारीबाग)**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**दुरभाष संख्या–06543–297017**

**अति अल्पकालिन ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | उपकारा, बरही (हजारीबाग) |
| 2. | विषय | उपकारा बरही में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू,फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय, आपूर्ति के निमित अति अल्पकालिन ई0–निविदा का आमंत्रण (द्वितिय त्रैमासिक ई0–निविदा दिनांक 01.04.2025 से 30.06.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक 10.06.2025 से 18.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online Upload करने का तिथि | दिनांक 10.06.2025 से 18.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक 19.06.2025 से 20.06.2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | 19.06.2025 से 20.06.2025 तक के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 21.05.2025 को पूर्वाह्न 12:00 बजे उप विकास आयुक्त, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उपकारा बरही के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उपकारा, बरही (हजारीबाग)

PR 354309 Prison(25-26)#D

**समाहरणालय, लातेहार (भू-अर्जन शाखा)**

परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–165 दिनांक–23.04.2025 के द्वारा M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 को S.I.A.(Social Impact Assessment) हेतु कार्यादेश निर्गत किया गया। ग्राम–चितरपुर में अधिग्रहित भूमि का रकबा–44.28 एकड़ है, जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| क्रमांक सं0 | ग्राम का नाम | थाना नं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी रकबा: एकड़ में | कुल खतियानी रकबा: हेक्टेयर में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): एकड़ में | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में): हेक्टेयर में | खतियानी रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चितरपुर | 210 | 2 | 691 | टांड़ दो | 0.12 | 0.049 | 0.12 | 0.049 | अर्जुन उरांव, बिफा उरांव, रतिया उरांव, पिता – जामा उरांव |
| 2 | चितरपुर | 210 | 5 | 694 | टांड़ दो | 0.51 | 0.206 | 0.51 | 0.206 | एतवा उरांव पिता – सुकरा उरांव |
| 3 | चितरपुर | 210 | 6 | 692 | टांड़ दो | 0.40 | 0.162 | 0.40 | 0.162 | एतवा उरांव पिता – मगर उरांव |
| 4 | चितरपुर | 210 | 7 | 570 | टांड़ दो | 0.65 | 0.263 | 0.65 | 0.263 | एतवा उरांव, मंगला उरांव, शुका उरांव, पिता – चरवा उरांव और कदू उरांव, रतिया उरांव, जीता उरांव, पिता– मंगा उरांव और मोतेया उरांव, पिता – शुकु उरांव |
| 5 | चितरपुर | 210 | 7 | 576 | टांड़ दो | 0.69 | 0.279 | 0.69 | 0.279 | |
| 6 | चितरपुर | 210 | 14 | 740P | टांड़ दो | 1.12 | 0.453 | 1.05 | 0.425 | खड़िया उरांव, बुदु उरांव, पिता – चौतु उरांव व बढ़ी उरांव, कन्द्रा उरांव, पिता – जतरू उरांव व कुशराम उरांव, रामधनी उरांव, चन्दू उरांव, पिता – बिसुवा उरांव व मुसमात बुदिया कुंवर, पति – सैयद उरांव व बिफा उरांव, शानिया उरांव, भिखारी उरांव, पिता – शुकु उरांव एवं बिरसा उरांव, पिता – रति उरांव |
| 7 | चितरपुर | 210 | 14 | 742 | धान दो | 0.06 | 0.024 | 0.06 | 0.024 | |
| 8 | चितरपुर | 210 | 14 | 745P | टांड़ दो | 1.24 | 0.502 | 0.57 | 0.231 | |
| 9 | चितरपुर | 210 | 17 | 582 | टांड़ दो | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | खुटवा उरांव, पिता – मंगा उरांव पुजा उरांव, पिता – सुकु उरांव देवलाल उरांव, बोलो उरांव, रूपना उरांव, पिता – पुइला उरांव बढ़ी उरांव, पिता – कारू उरांव मुसमात फूलो कुंवर, पति– हीदा ओरांव, लीदा उरांव, धैया उरांव, मुकुंद उरांव, पिता – सीता उरांव बढ़ी उरांव, बलिया उरांव, पिता – मतलु उरांव |
| 10 | चितरपुर | 210 | 17 | 583 | धान दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 11 | चितरपुर | 210 | 17 | 584 | धान दो | 0.38 | 0.154 | 0.38 | 0.154 | |
| 12 | चितरपुर | 210 | 31 | 693 | टांड़ दो | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | जगसाय उरांव, बलेशर उरांव, पिता – बोलया उरांव और एतवा उरांव, पिता – मंगरा उरांव और चंदू उरांव, पिता – सुका उरांव और झनवा देवी, लालमनी देवी,पिता – जर्मन उरांव |
| 13 | चितरपुर | 210 | 40 | 589 | टांड़ दो | 0.59 | 0.239 | 0.59 | 0.239 | देवलाल उरांव, पिता – पुइला उरांव और रूपना उरांव, पिता – पुइला उरांव और बोलो उरांव, पिता – पुइला उरांव |
| 14 | चितरपुर | 210 | 40 | 594 | टांड़ दो | 0.39 | 0.158 | 0.39 | 0.158 | |
| 15 | चितरपुर | 210 | 40 | 595P | टांड़ दो | 0.61 | 0.247 | 0.27 | 0.109 | |
| 16 | चितरपुर | 210 | 40 | 619 | टांड़ दो | 0.31 | 0.125 | 0.31 | 0.125 | |
| 17 | चितरपुर | 210 | 40 | 620 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 18 | चितरपुर | 210 | 40 | 621 | टांड़ दो | 0.61 | 0.247 | 0.61 | 0.247 | |
| 19 | चितरपुर | 210 | 42 | 592P | टांड़ दो | 0.93 | 0.376 | 0.57 | 0.231 | पुजा उरांव पिता – सुकु उरांव |
| 20 | चितरपुर | 210 | 42 | 593 | टांड़ दो | 0.05 | 0.020 | 0.05 | 0.020 | |
| 21 | चितरपुर | 210 | 54 | 706 | टांड़ दो | 0.23 | 0.093 | 0.23 | 0.093 | पतिया लोहार पिता —कुवन लोहार |
| 22 | चितरपुर | 210 | 54 | 710P | टांड़ दो | 0.46 | 0.186 | 0.45 | 0.182 | |
| 23 | चितरपुर | 210 | 56 | 708 | टांड़ दो नई परती एक साल | 1.01 | 0.409 | 1.01 | 0.409 | पूर्णा लोहार, बिल्टा लोहार, गुडुवा लोहार,पिता – भिनुवा लोहार |
| 24 | चितरपुर | 210 | 57 | 709 | टांड़ दो | 0.37 | 0.150 | 0.37 | 0.150 | पतिया लोहार, पिता – कुवन लोहार और पूर्णा लोहार, बिलाटा लोहार, मुधुवा लोहार, पिता – भीनू लोहार और बिफा लोहार, मंगरा लोहार और ननकू लोहार, पिता – बढ़न लोहार और बुखारी लोहार, धनदेव लोहार, कालकेन लोहार, पिता – सोमरा लोहार |
| 25 | चितरपुर | 210 | 57 | 719 | टांड़ दो | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 26 | चितरपुर | 210 | 59 | 711P | टांड़ दो | 0.61 | 0.247 | 0.12 | 0.049 | बखोरी लोहार, धनदेव लोहार,कलदेव लोहार, पिता – सोमरा लोहार और बिफा लोहार, मंगरा लोहार, नन्हकू लोहार, पिता – कंधन लोहार |
| 27 | चितरपुर | 210 | 59 | 741P | धान दो | 0.09 | 0.036 | 0.07 | 0.028 | |
| 28 | चितरपुर | 210 | 59 | 743P | धान दो | 0.41 | 0.166 | 0.36 | 0.146 | |
| 29 | चितरपुर | 210 | 59 | 744P | धान दो | 0.27 | 0.109 | 0.07 | 0.028 | |
| 30 | चितरपुर | 210 | 66 | 734 | टांड़ दो | 0.82 | 0.332 | 0.82 | 0.332 | बलदेव उरांव, पिता – मन्दरा उरांवऔर एतवा उरांव, साधु उरांव, शनि उरांव, पिता–सुकरा उरांव एवं भोला उरांव, चरवा उरांव, पिता–कुवना उरांव औरमकु उरांव, पिता – बन्धु उरांव और बिसे उरांव, पिता – बुधु उरांव |
| 31 | चितरपुर | 210 | 66 | 735 | टांड़ दो | 0.75 | 0.304 | 0.75 | 0.304 | |
| 32 | चितरपुर | 210 | 66 | 736 | टांड़ दो | 0.50 | 0.202 | 0.50 | 0.202 | |
| 33 | चितरपुर | 210 | 66 | 738 | टांड़ दो | 0.27 | 0.109 | 0.27 | 0.109 | |
| 34 | चितरपुर | 210 | 72 | 704 | टांड़ दो | 1.12 | 0.453 | 1.12 | 0.453 | बिलु उरांव, पुत्र तुइली उरांव और बिफा उरांव, बुधुवा उरांव, पिता – लालु उरांव |
| 35 | चितरपुर | 210 | 80 | 569P | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.67 | 0.271 | 0.58 | 0.235 | भरत उरांव, मनसाद उरांव,रामदेव उरांव, पिता – बैले उरांव |
| 36 | चितरपुर | 210 | 80 | 572 | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.30 | 0.121 | 0.30 | 0.121 | |
| 37 | चितरपुर | 210 | 88 | 700 | टांड़ दो | 0.15 | 0.061 | 0.15 | 0.061 | भोला उरांव, चरवा उरांव पिता – कुवना उरांव |
| 38 | चितरपुर | 210 | 88 | 717P | टांड़ दो | 0.03 | 0.012 | 0.01 | 0.004 | |
| 39 | चितरपुर | 210 | 89 | 723 | टांड़ दो | 1.86 | 0.753 | 1.86 | 0.753 | मालु उरांव, पिता–रूजू उरांव और ताजो देवी, पिता–मौरी उरांव और बिरसा उरांव, पिता–नागु उरांव |
| 40 | चितरपुर | 210 | 92 | 697 | टांड़ दो | 0.71 | 0.287 | 0.71 | 0.287 | मकु उरांव, पिता – बन्धु उरांव और एतवा उरांव, साधु उरांव, शनि उरांव, पिता – सुकरा उरांव और बलदेव उरांव, पिता – मंडेरा उरांव और भोला उरांव, चरवा उरांव, पिता – कुवना उरांव और बिसे उरांव, पिता – बुधु उरांव |
| 41 | चितरपुर | 210 | 92 | 698 | टांड़ दो | 0.42 | 0.170 | 0.42 | 0.170 | |
| 42 | चितरपुर | 210 | 92 | 699 | टांड़ दो | 0.62 | 0.251 | 0.62 | 0.251 | |
| 43 | चितरपुर | 210 | 92 | 718P | टांड़ दो | 0.36 | 0.146 | 0.28 | 0.113 | |
| 44 | चितरपुर | 210 | 92 | 721P | टांड़ दो | 0.26 | 0.105 | 0.24 | 0.097 | |
| 45 | चितरपुर | 210 | 92 | 722 | टांड़ दो | 0.68 | 0.275 | 0.68 | 0.275 | |
| 46 | चितरपुर | 210 | 92 | 726 | टांड़ दो | 0.28 | 0.113 | 0.28 | 0.113 | |
| 47 | चितरपुर | 210 | 94 | 580 | टांड़ दो | 1.13 | 0.457 | 1.13 | 0.457 | मंगलदास मिंज, डेनियल मिंज पिता देवधनिया मिंज |
| 48 | चितरपुर | 210 | 94 | 690 | टांड़ दो | 0.33 | 0.134 | 0.33 | 0.134 | |
| 49 | चितरपुर | 210 | 98 | 565P | टांड़ दो | 1.16 | 0.469 | 0.24 | 0.097 | रामदेव उरांव, पिता – खड़िया उरांव और चौतु उरांव, गहनु उरांव, बिफा उरांव, पिता – कदाना उरांव और ढोमा उरांव, पिता – लिटू उरांव और धरूवा उरांव, मंगरू उरांव, पिता – बिरसा उरांव और नागदेव, पिता– गोपाल उरांव और नंदू उरांव। बितना उरांव, लालगीर उरांव, पिता – जातरू उरांव, एवं सुधु उरांव, बढ़न उरांव, बोलिया उरांव, पिता – एतवा उरांव एवं शोभा देवी, सुको देवी, पिता – घुइया उरांव |
| 50 | चितरपुर | 210 | 98 | 567P | नई परती एक साल | 0.77 | 0.312 | 0.47 | 0.190 | |
| 51 | चितरपुर | 210 | 98 | 575 | टांड़ दो | 0.84 | 0.340 | 0.84 | 0.340 | |
| 52 | चितरपुर | 210 | 98 | 579 | टांड़ दो | 2.53 | 1.024 | 2.53 | 1.024 | |
| 53 | चितरपुर | 210 | 98 | 611P | टांड़ दो | 3.52 | 1.425 | 0.14 | 0.057 | |
| 54 | चितरपुर | 210 | 98 | 574 | टांड़ दो | 0.25 | 0.101 | 0.25 | 0.101 | |
| 55 | चितरपुर | 210 | 98 | 581 | टांड़ दो | 0.36 | 0.146 | 0.36 | 0.146 | |
| 56 | चितरपुर | 210 | 98 | 588 | टांड़ दो | 1.40 | 0.567 | 1.40 | 0.567 | |
| 57 | चितरपुर | 210 | 99 | 616 | टांड़ दो नई परती एक साल | 0.03 | 0.012 | 0.03 | 0.012 | रामा उरांव, लालसा उरांवपिता चरवा उरांव |
| 58 | चितरपुर | 210 | 99 | 617 | पुरानी परती काबिल आबाद | 0.04 | 0.016 | 0.04 | 0.016 | |
| 59 | चितरपुर | 210 | 99 | 618 | टांड़ दो | 3.16 | 1.279 | 3.16 | 1.279 | |
| 60 | चितरपुर | 210 | 99 | 739P | टांड़ दो नई परती | 2.95 | 1.194 | 2.58 | 1.044 | |
| 61 | चितरपुर | 210 | 105 | 622 | टांड़ दो | 1.91 | 0.773 | 1.91 | 0.773 | लखुमन उरांव, पिता – मंगरा उरांव और घुवा उरांव, गुना उरांव, पिता – सुकरा उरांव एवं देवलाल उरांव, पिता – चेदमा उरांव |
| 62 | चितरपुर | 210 | 105 | 686P | टांड़ दो | 1.14 | 0.461 | 0.43 | 0.174 | |
| 63 | चितरपुर | 210 | 105 | 688 | टांड़ दो | 0.26 | 0.105 | 0.26 | 0.105 | |
| 64 | चितरपुर | 210 | 123 | 571 | टांड़ दो | 1.22 | 0.494 | 1.22 | 0.494 | मोसमात सोमरी कुंवर पति पगला उरांव |
| 65 | चितरपुर | 210 | 123 | 590 | टांड़ दो | 1.61 | 0.652 | 1.61 | 0.652 | |
| 66 | चितरपुर | 210 | 123 | 614 | टांड़ दो | 1.18 | 0.478 | 1.18 | 0.478 | |
| 67 | चितरपुर | 210 | 123 | 696 | टांड़ दो | 0.39 | 9+ | 0.39 | 0.158 | |
| 68 | चितरपुर | 210 | 125 | 737 | टांड़ दो | 2.10 | 0.850 | 2.10 | 0.850 | बुदा उरांव, पिता – सोदुवो उरांव एवं सोमिया उरांव, पिता – शिवनाथ उरांव |
| 69 | चितरपुर | 210 | 117 | 702 | टांड़ दो | 0.10 | 0.040 | 0.10 | 0.040 | सुखदेव उरांव, गिपलाल उरांव,पिता – बोलकु उरांव |
| 70 | चितरपुर | 210 | 117 | 703 | टांड़ दो | 0.63 | 0.255 | 0.63 | 0.255 | |
| | | | | | कुल योग | 52.38 | 21.040 | 44.28 | 17.920 | |

ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार

PR.NO.354326 Land Reforms(25-26):D

# जश्न और जख्म

जीत के जश्न की चमक तब फीकी पड़ गई जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में ग्यारह लोगों की दुखद मुत्यु हो गई। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन स्टेडियम के आसपास दो लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को जानकारी दी कि घटना में ग्यारह लोगों की मौत हुई है और 33 लोग घायल हो गए हैं। बहरहाल, आईपीएल का आयोजन व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वहीं दूसरी ओर एमएस धोनी को आईपीएल में पांच बार की कामयाबी के बावजूद इस बार खिताबी जीत न दिला पाने का मलाल जरूर रहेगा। वैसे इस बार के आईपीएल टूनार्मेंट में श्रेयस अय्यर ने शानदार प्रदर्शन के जरिये किसी भी फ्रेंचाइजी के लिये जाने-माने कप्तान के रूप में अपनी स्थिति मजबूत ही की है। उनके नेतृत्व में पंजाब किंग्स ने पिछले एक दशक के बाद प्रभावशाली प्रदर्शन के जरिये फाइनल में जगह मजबूत की। निस्संदेह, इस आईपीएल टूनार्मेंट में युवा ब्रिगेड ने पूरी ताकत झोंककर उम्मीदों को नया मुकाम दिलाया। अब चाहे वह अभिषेक शर्मा हों, प्रियांश आर्य, आयुष म्हात्रे, साई सुदर्शन, शशांक सिंह या ऑल-ऑफ-14 वैभव सूर्यवंशी हों। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन पर भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष की छाया भी पड़ी। लेकिन थोड़े व्यवधान के बावजूद खेल जारी रहा। आईपीएल अपने मुकाम तक पहुंचने में किसी हद तक कामयाब रहा है। निश्चय ही आईपीएल एक ऐसा मंच बन गया है कि जिसमें आम घरों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी तथा परिवार की आर्थिकी सुधारने का मौका मिलता है।

## आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक जरूरी





- सुरेश हिंदुस्तानी

**साफ है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालात, मोहम्मद यूनुस की ओर से सत्ता में बने रहने के लिए चलाए जा रहे खौफनाक एजेंडा की गवाही दे रहे हैं और भारत में अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए जो तल्ख विचार सामने आ रहे हैं, उससे भारतीयों को यह आस्वस्ति मिल रही है कि हमारा जवाब बहुत करारा होगा। क्योंकि रंगपुर में चिकन नेक कॉरिडोर काटने का मतलब है कि भारत का सिलीगुड़ी कॉरिडोर बहुत ही विशाल हो जाएगा।**

आतंकवाद को आश्रय देने वाले देश पाकिस्तान की असलीयत को उजागर करने के लिए भारत ने बड़े रणनीतिक स्तर पर कार्य किया है। एक तरफ जहां पाकिस्तान केवल तीन ऐसे मुस्लिम देशों का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा, जो उसे पहले से ही समर्थन कर रहे थे। वहीं, भारत ने इससे आगे बढ़कर वैश्विक समुदाय के समक्ष पाकिस्तान को आतंकियों को संरक्षण देने वाला देश बताने में कोई संकोच नहीं किया। भारत ने विश्व के तमाम देशों में अपने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत का पक्ष रखकर यह बताने का प्रयास किया है कि आतंकी हमला पाकिस्तान की ओर से किया गया। इसके विपरीत भारत की ओर से केवल जवाबी कार्रवाई ही की गई है, जिसका भारत को पूरा अधिकार है।

भारत के प्रतिनिधिमंडलों की ओर से इस सच को दुनिया को बताने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमला नहीं किया गया, बल्कि आतंकवाद पर प्रहार किया गया। इसी बात पर भारत को विश्व समुदाय का समर्थन भी मिल रहा है। सबसे कास बात यह है पाकिस्तान में जहां अपनी ही सरकार विपक्ष के निशाने पर है, वहीं भारत सरकार ने अपने प्रतिनिधिमंडलों में सत्ता पक्ष के नेताओं के साथ ही विपक्ष के कई प्रभावी नेताओं को शामिल किया है। यही नेता विश्व के देशों में भारत का पक्ष मजबूती से रख रहे हैं। इससे स्वाभाविक रूप से विश्व बिरादरी से पाकिस्तान पर अलग-थलग होने का गंभीर खतरा भी उत्पन्न हो गया है।

यह बात सही है कि पाकिस्तान में आश्रय और संरक्षण प्राप्त करने वाले आतंकी आकाओं को आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए वित्त पोषण प्राप्त होता रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि पाकिस्तान आतंक को समाप्त करने के लिए तैयार नहीं है। क्योंकि आतंकवादियों को जब तक वित्त पोषित कया जाता रहेगा, तब तक पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाने वालों पर अंकुश लगाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सबसे पहले उसके वित्त पोषण पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। यहां यह कहना बहुत आवश्यक है कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाकर समर्थन पाने का प्रयास कर रहा है, वहीं भारत की ओर से पाकिस्तान को अलग-थलग करने का ठोस प्रयास भी किया जा रहा है। जिसमें भारत का बहुत हद तक सफलता भी मिल रही है।

आज के समय में पाकिस्तान इस बात को नकारने का साहस नहीं कर सकता कि उसके देश में आतंकवादी संगठन सक्रिय नहीं हैं। क्योंकि यह तथ्य विश्व के सामने उजागर हो चुका है। आज भी पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा, लश्कर ए ओमर, जैश ए मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह ए सहाबा, हिजबुल मुजाहिदीन आदि पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। कई मामलों में आईएसआई से इन्हें सक्रिय प्रशिक्षण एवं अन्य सहयोग भी मिलते हैं। इतना ही नहीं कई बार सेना और सरकार का भी खुला संरक्षण भी इनको मिलता रहा है। पाकिस्तान सरकार की मानें तो उसके यहां 20 से अधिक आतंकी संगठन सक्रिय हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस संख्या को 150 से अधिक तक बताता है। अमेरिकी स्टेट डिमार्टमेंट के मुताबिक यह संख्या 70 से अधिक है।

वैश्विक समुदाय के दबाव में पाकिस्तान कई बार आतंकी समूहों के विरोध में कार्रवाई करने की बात करता है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और राज्य सरकारों की ओर से आतंकी संगठनों को खाद पानी प्राप्त होता रहता है। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद की जड़ें बहुत ही गहरी हैं। विश्व बिरादरी को पाकिस्तान की वास्तविकता बताने के लिए भारत की ओर से ठोस रणनीति बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है, जहां पाकिस्तान सरकार को अपने ही देश के विपक्षी दलों के कोप का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत सरकार के साथ विपक्ष के सांसदों ने पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सामूहिक वैश्विक अभियान चलाया है। इससे पाकिस्तान को यह डर सता रहा है कि कहीं पाकिस्तान एक बार फिर से ग्रे सूची में ना आ जाए। ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की तसवीर यही चित्र प्रदर्शित कर रही है।

आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहे पाकिस्तान में अब इतना साहस नहीं है कि वह विश्व के आर्थिक प्रतिबंधों को झेल सके। इसमें पाकिस्तान में आतंरिक विरोधाभास आग में घी डालने का कार्य कर रहा है। ब्लूचिस्तान में पाकिस्तान से अलग होने के लिए चल रहे आंदोलन में और तेजी आई है। इतना ही नहीं बीएलए ने तो कई कदम आगे बढ़कर अपने आपको स्वतंत्र देश घोषित कर दिया है। ब्लूचिस्तान का यह कदम पाकिस्तान को बहुत कमजोर करने वाला है। पाकिस्तान के बारे में यह आम धारणा निर्मित हो चुकी है कि वह आतंकवाद को बढ़ावा देता है। इसके अलावा यहां पर आतंकवादी संगठनों को वित्त पोषित भी किया जाता है। विश्व के कई देश आतंकवाद को समाप्त करने के लिए आवाज उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब तक आतंकवाद को वित्त पोषित किया जाता रहेगा, तब तक उसे समाप्त करना कठिन है। इसलिए सबसे पहले आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

## लेटर टू एडिटर

### सराहनीय कदम

**दिल्ली** के सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित करने की मुख्यमंत्री की घोषणा सराहनीय है। इससे स्थानीय समस्याओं जैसे सीवर, जल निकासी, ट्रैफिक, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य आदि का समाधान एक ही स्थान से संभव होगा। प्रत्येक सचिवालय में एक आईएएस अधिकारी की नियुक्ति होनी चाहिए। इससे दिल्ली को ग्रीन और प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

**-वीरेंद्र कुमार, रांची**

### सामूहिक त्रासदी

**पंचकूला** में एक परिवार की सामूहिक आत्महत्या ने समाज और व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। कर्ज के बोझ और मानसिक तनाव ने एक व्यक्ति को इतना विवश कर दिया कि उसने पूरे परिवार को मौत की ओर धकेल दिया। यह घटना मानसिक स्वास्थ्य, आर्थिक सहयोग और सामाजिक समर्थन की तत्काल आवश्यकता का स्पष्ट संकेत है।

**- रविकांत , जमशेदपुर**

## ट्वीट

प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के अवसर विश्व पर्यावण दिवस पर रांची में सिरमटोली चौक से राजेन्द्र चौक होते हुए मेकॉन गोलचक्कर तक 4-लेन फ्लाई ओवर/एलिवेटेड रोड-सह-आरओबी परियोजना का उद्घाटन करने का परम सौभाग्य मिला।

सिरमटोली फ्लाईओवर - हमारे अग्रणी मार्गदर्शक कार्तिक उरांव जी के नाम से जाना जाएगा।

आज इस ऐतिहासिक अवसर पर समस्त राज्यवासियों को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

**- हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड**

# संसद की कार्य उत्पादकता का लगातार कम होना संसदीय प्रणाली को विफल कराने की साजिश

**नीरज कुमार दुबे**

## राजनीति

बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे।

संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ। सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए।

बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र? क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था? हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं? संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई?

देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दशार्ते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45%, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता।

साथ ही संसद के कामकाज का प्रतिशत लगातार कम होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दशार्ना चाहते हैं? कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है? विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बबार्दी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी? वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाये? वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें?

बहरहाल, पिछले वर्ष संसदीय व्यवधान पर ह्यपीड़ाह्ण व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ह्यलोकतंत्र के मंदिरह्ण में ऐसे आचरण के विरुद्ध माहौल और जनमत तैयार करने के लिए जनांदोलन चलाने का जो आह्वान किया था वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संसद के कामकाज में लगातार व्यवधानों के चलते कीमती समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब देने से सरकार को भी बचने का अवसर मिल जाता है। इसलिए उपराष्ट्रपति की ओर से किये गये आह्वान से देश की जनता को जुड़ना चाहिए और जनप्रतिनिधियों को यह अहसास कराना चाहिए कि सदन चर्चा के लिए बने हैं ना कि हंगामे और अपने राजनीतिक हित साधने के लिए।

# झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम टाटीसिलवे में मनाया गया पर्यावरण दिवस

## पर्यावरण

**सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण जरुरीः महेश गुप्ता**

रांचीः पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम, टाटीसिलवे में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से टाटीसिलवे क्षेत्र में लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन के समीप 101 पौधों का सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा, ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो, प्रोडक्शन इंचार्ज मो. जावेद अंसारी, इंजीनियर मेंटेनेंस कमलकांत सहित अन्य फैकल्टी पुर्नेंदु पंकज, राकेश कुमार, संजीव रंजन , गौरव प्रियदर्शी , राहुल रंजन ,सुश्री पूनम खलखो एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हमें केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पर्यावरण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ईआर.



इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स रांची चैप्टर के साथ भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए जनमानस को सतत विकास और हरित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्राचार्य एवं इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स रांची चैप्टर के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। जैसे कि अधिक से अधिक पौधारोपण और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई को रोकना। यही हमारे लिए और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य की कुंजी है।

इस अवसर पर इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, रांची चैप्टर के सदस्यों ने न केवल अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, बल्कि अपने अभिभाषणों संदीप भगत, महाप्रबंधक, सीएमपीडीआई, ईआर. एम. आर. कुमार, ईआर. मनोज कुमार, महाप्रबंधक, मेकॉन, एवं सुश्री सुमन सेठी जैसे अनुभवी विशेषज्ञों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन टूल रूम के ट्रेनिंग इंचार्ज मंगल टोप्पो ने किया, जबकि समापन भाषण वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जन्मदिन की शुभकामना देते स्वामी रामभद्राचार्य। सौजन्य अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



# हजारीबाग जिले के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नदारद

## जब डॉक्टर अस्पताल में रहेंगे ही नहीं, तो इलाज कौन करेगा : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू में है, और उसकी सबसे बड़ी वजह हैं वो सरकारी डॉक्टर जो रजिस्टर में मौजूद हैं, पर अस्पताल में नदारद। ये वही डॉक्टर हैं जो हर महीने मोटी सैलरी सरकारी खजाने से उठाते हैं, लेकिन इलाज करने की बजाय रांची या दूसरे बड़े शहरों में बैठकर निजी क्लीनिक में धंधा चमका रहे हैं। मरीजों की जान जाए तो जाए, इनकी सेहत पर कोई असर नहीं।



शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल (सदर अस्पताल) से लेकर गांव-गांव के स्वास्थ्य केंद्र तक हाल बेहाल है। लोग इलाज के लिए लाइन में खड़े रहते हैं और डॉक्टर साहब के कमरे का ताला तक नहीं खुलता। मजबूरी में गरीब मरीज कंपाउंडर की सलाह से काम चलाते हैं या फिर प्राइवेट क्लिनिक में वही डॉक्टर मिलते हैं, फीस दो, इलाज लो!

यह कैसा सिस्टम है जहां सरकारी डॉक्टर की ड्यूटी जनता की सेवा नहीं, बल्कि अपनी जेब भरना बन गया है? स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मौन है, मानो उसने इन डॉक्टरों की गैरहाजिरी को मान्यता दे दी हो। कोई निरीक्षण नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। वजह साफ है, रसूखदारों की लॉबी! जो डॉक्टर अस्पताल नहीं आते, उनके ऊपर कार्रवाई का नाम तक नहीं लिया जाता।

अब आइए एक ताजा उदाहरण पर। बुधवार रात को शेख भिखारी मेडिकल अस्पताल के हजारीबाग में लेबर ओटी बंद था। चलकुसा की एक जरूरतमंद गर्भवती महिला को रात भर तड़पते हुए बाहर दरवाजा पीटना पड़ा, लेकिन डॉक्टरों को फुर्सत नहीं मिली। आखिरकार उसे मिशन अस्पताल ले जाना पड़ा जहां तुरंत सिजेरियन ऑपरेशन हुआ। इस घोर लापरवाही पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने अस्पताल के सुप्रीटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति को फोन पर लताड़ा और दो टूक कहा कि डॉक्टरों को सैलरी मिलती है कि भगवान समझकर मुफ्त सेवा दे रहे हैं? सांसद ने साफ कहा कि जब डॉक्टर अस्पताल में रहेंगे ही नहीं, तो इलाज कौन करेगा? सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को फोन मिलाया, लेकिन मंत्री जी नेटवर्क से बाहर मिले। जायसवाल ने ऐलान किया कि वे इस

**उपायुक्त ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक को जल्द जांच टीम गठित करने का दिया निर्देश**

मामले को डीसी के सामने उठाएंगे और अस्पताल जाकर सीधे समीक्षा करेंगे। अब सवाल यह है कि क्या सरकार इन डॉक्टरों की लॉबी तोड़ने की हिम्मत जुटाएगी? या फिर हजारीबाग के सरकारी अस्पताल सिर्फ इमारत बनकर रह जाएंगे और आम जनता मौत का इंतजार करती रहेगी? अब नहीं रुकेगा सवाल, जवाब चाहिए! इलाज चाहिए! इंसाफ चाहिए!

इधर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संज्ञान लिया है। उन्होंने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से वार्ता कर अविलंब जांच टीम गठित करने तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है तथा जांच रिपोर्ट में पाए जाने वाले दोषियों पर कड़े प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो इसको लेकर प्रबंधन सतर्क रहे।

## शांतिपूर्वक मनायें बकरीद : सीओ

**कुजू।** बकरीद शांतिपूर्वक मनाने को लेकर गुरुवार को को कुजू ओपी में मांडू अंचलाधिकारी विमल कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुयी। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने पर्व शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाने पर लोगों के साथ चर्चा की। अधिकारियों ने लोगों से उपद्रवी व्यक्ति जिससे माहौल बिगड़ने की संभावना बन सकती है। शरारती किस्म के लोगों को चिन्हित कर पुलिस को सूचना देने, निर्धारित समय पर नमाज अता करने आदि बातों पर चर्चा की। सभी लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। मौके पर पुअनि अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, जगेश्वर प्रजापति, धर्मराज राम, रामभजन लाल महतो, अरविंद कुमार, रतन प्रसाद साहू, राकेश मेहता रॉक, जयकुमार ओझा उर्फ बुच बाबा, अशोक कुमार, संतोष मेहता, शिबू प्रसाद, जगदीश महतो, मनोज गिरि, इंदर प्रसाद गुप्ता, तरुण अग्रवाल, जीतेंद्र गुप्ता, कयूम खान, अब्दुल कलाम, गुलाम नबी, मो हुसैन, अरशद अंसारी, अमजद हुसैन, मो अली हुसैन, समीर अंसारी, मो सिकंदर, मंसूर अली, मोहसिन खान, शकील खान, सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।



## एक पेड़ सौ पुत्र के समान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य डॉ. एके. एस. झा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने एक पेड़ सौ पुत्र के समान का नारा बुलंद करते हुए कहा कि जिस तरह से पृथ्वी का पर्यावरण दूषित हो रहा है, उसे बचाने का एकमात्र उपाय धरती बचाओ, पेड़ लगाओ है। डॉ. गोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखना हमसभी की प्रथम जिम्मेदारी है, ताकि आने वाले समय में मानव जीवन सुखद और सुरक्षित बना रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. गोपाल विश्वकर्मा, रामदेव के., दीपक मुंडा, रामेश्वर नारायण, सोमनाथ, सुशील, महावीर, गायत्री पारो सहित दर्जनों स्वयंसेवको का विशेष योगदान रहा।



## जेएसपी ने किया पौधरोपण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) पतरातू परिसर में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जेएसपी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत जिंदल क्लब से सेक्टर-2 तक निकाली गई भव्य जागरूकता रैली से हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस रैली के माध्यम से लोगों को पर्यावरण सुरक्षा, प्लास्टिक मुक्त समाज और हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के उपरांत प्लांट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्लांट परिसर में विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे लगाकर इसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख केबी सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हमारी साझा जिम्मेदारी है। प्लास्टिक प्रदूषण जैसे गंभीर खतरे से निपटने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधे लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर सांसद एवं जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल का विशेष संदेश भी पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन की चुनौती ने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बना दिया है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक संतोष कुमार, मानव संसाधन प्रमुख सतीश कुमार, आरडी शर्मा, रूपेश कुमार, जयंत गोखले, सुभाष शरण, अशोक सिंह, आरबीएन राव, शम्भू दास, समीर हिमाद्रि, कुमार राहुल, परमेश्वर राय, डी साहू, राजीव रंजन, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## हजारीबाग झील में मना पर्यावरण दिवस

**हजारीबाग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हजारीबाग झील स्थित ओपन एम्फीथिएटर में पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, पर्यावरणविद् डॉ. सत्यप्रकाश, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता तथा क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक रविंद्र नाथ मिश्रा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सांसद जायसवाल ने फलदार पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दिया और कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी से पर्यावरण के संरक्षण, संवर्द्धन और विकास के लिए जीवनशैली में बदलाव लाने की अपील की। अतिथियों ने प्लास्टिक उपयोग में कटौती और पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। वसुधा कल्याण फाउंडेशन ने लोकनृत्य और गीतों के माध्यम से पर्यावरण संदेश दिया। वन विभाग, सामाजिक संगठनों, छात्रों और नागरिकों की भागीदारी से यह आयोजन एक प्रेरणादायक जनचेतना अभियान बनकर सामने आया।

## रामगढ़ डीसी ने किया पौधरोपण



**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सिदो कान्हू मैदान रामगढ़ में पौधरोपण किया। इस दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सुरेंद्र कुमार दिनकर, कार्यपालक अभियंता पद प्रमंडल से राजीव रंजन सहित अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का दायित्व है। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण करने एवं लगाए गए वृक्ष की देखभाल करने की अपील की। वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारा कर्तव्य है पेड़ एवं जंगल को ना नष्ट करें अत्यधिक संख्या में पेड़ पौधा लगाए ताकि आने वाले पीढ़ी स्वस्थ जीवन जी सकें साथ ही उन्होंने सभी को एक-एक पेड़ लगाकर संरक्षण करने का भी अपील की।

## इंटर आर्ट्स में जुबिली कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

**रिजल्ट 92.9 प्रतिशत, लक्ष्मण कुमार बना कॉलेज टॉपर, सेकंड टॉपर परवीन, थर्ड टॉपर तंजील**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट आर्ट्स संकाय की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज का कुल परीक्षाफल 92.9 प्रतिशत रहा, जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम व द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल की। कॉलेज के टॉपर लक्ष्मण कुमार ने 403 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सायमा परवीन ने 401 अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं मो. तंजील अंसारी ने 394 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।



लक्ष्मण, सायमा परवीन व तंजील

इसके अतिरिक्त रेखा कुमारी ने 381 तथा मीना कुमारी ने 378 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप फाइव में स्थान बनाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा ने बताया कि इस वर्ष प्रथम श्रेणी में 262 और द्वितीय श्रेणी में 223 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने भी इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।



**कुजू आरएनसी सिरू का उत्कृष्ट प्रदर्शन :** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा घोषित इंटरमीडिएट आर्ट्स के परीक्षाफल में रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर महाविद्यालय सिरू का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। महाविद्यालय से कुल 123 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें 92 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 26 द्वितीय श्रेण से उत्तीर्ण हुए। तथा पांच परीक्षार्थी असफल रहे। इस प्रकार महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम 96% रहा। कॉलेज टॉपर कृष कुमार 408 अंक प्राप्त किया। हिना कौसर 401 अंक, नाजिया परवीन 397 अंक, रिया वर्मा 396 अंक, सुशीला कुमारी 391 अंक, खुशबू कुमारी 386 अंक, जुली कुमारी 384 अंक, रंजीत कुमार 37,9 अंक, संटू कुमार 375 अंक कमलनाथ प्रसाद 375 अंक, अलका कुमारी 369 अंक के साथ टॉप टेन में जगह बनाई।

महाविद्यालय के सफल छात्र-छात्राओं को सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, प्राचार्य लोचन राम महतो, गंगाधर महतो, शिक्षक राजेश कुमार ओहदार, कामेश्वर महतो, संदीप कुमार, डी कुमार व सूदन कुमार लालो, शानो आदि ने बधाई दी।

## स्पीड न्यूज़

### बच्चियों ने स्वच्छता का दिया संदेश



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातू द्वारा आयोजित गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन (जीईएम) का समापन बुधवार देर शाम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह एवं स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह उपस्थित थीं। बच्चियों ने स्वच्छता का दिया संदेश। पीवीयूएनएल का यह मिशन आने वाले वर्षों में बच्चियों के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। बेहतर प्रस्तुति के लिए बच्चियों को अतिथियों ने उपहार देकर सम्मानित किया।

### समर कैंप में 500 बच्चे हुये शामिल



**वेस्ट बोकारो।** समर कैंप में 500 बच्चे हुए शामिल। समर कैंप में टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और जय हिंद विद्या निकेतन स्कूल, सोनडीहा (चौनपुर) क्रूपर में लगा। अनुराग दीक्षित जेनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन टाटा स्टील समापन समारोह में हुए शामिल। समर कैंप में बच्चों को कई खेलों की दी गयी ट्रेनिंग। जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, क्रिकेट, हैंडबॉल, फेंसिंग, योग और फिटनेस शामिल थे। इसके साथ पोषण और जीवनशैली प्रबंधन पर विशेष सत्रों का भी आयोजन किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट द्वारा एक पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ ही, पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रभात फेरी निकाली गई। समर कैंप टाटा स्टील, वेस्ट बोकारो डिवीजन के हेड एडमिनिस्ट्रेशन दीपक श्रीवास्तव के नेतृत्व और निगरानी में किया गया।

### पुंडी में नये पीओ ने पदभार संभाला



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के पुंडी परियोजना में नए परियोजना पदाधिकारी के रूप में राम प्रवेश पासवान ने पदभार ग्रहण किया। परियोजना अभियंता मुरली मनोहर व कोल इंडिया इम्पलाईज एसोशिएशन (सिस्टा) के क्षेत्रीय सचिव सह पुंडी शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम ने बुके देकर स्वागत किया। पीओ से परियोजना अंतर्गत विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ब्रह्मदेव राम ने कहा कि परियोजना पिछले कई सालों से बंद पड़ा। जिससे यहां के विस्थापितों व प्रभावित को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा। ज्यादातर यहां के युवा रोजगार के लिए दूसरे राज्य पलायन करने को मजबूर है। स्वागत करने वालो में क्षेत्रीय अध्यक्ष एलारूस उरांव, रामप्रसाद बेदिया, ललित कुमार मनीष चन्द्र आदि शामिल थे।

### सीसीएल ने कई परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**कुजू।** करमा परियोजना, क्षेत्रीय डिस्पेंसरी, आरा, सारूबेड़ा, तोपा परियोजना का सीसीएल सीकेएस सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के कल्याण बोर्ड सदस्य रामेश्वर कुमार मंडल, अनूप सिंह व मुकेश कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कर्मचारियों के आवास की स्थिति, पीने के पानी की उपलब्धता, साफ- सफाई, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान आवास को जर्जर, पीने के पानी की न के बराबर, कॉलोनी में साफ सफाई की आवश्यकता, आरा- सारूबेड़ा कॉलोनी में पानी की समस्या पाया। वही क्षेत्र की सभी डिस्पेंसरी में मेडिकल स्टाफ की काफी कमी पाई गई। निरीक्षण में निर्गुण महतो, दीपक कुमार, अनुपलाल चौधरी, क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, प्रदीप कुमार राम, अशोक सिंह तथा प्रबंधन के अधिकारी प्रताप रंजन, अविनाश श्रीवास्तव शामिल थे।

### बकरीद शांतिपूर्वक मनाएं : पुलिस

रामगढ़। पुलिस ने गुरुवार को लोगों ने बकरीद शांतिपूर्ण मनाने की अपील की। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटो/वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर / अपलोड करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें। रामगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना हमारे कन्ट्रोल रूम का मोबाईल नं0-9262998529 एवं मीडिया सेल नंबर-9162388444 पर दें व 112 पर कॉल करें।

### सभी लोग लगाएं पेड़ : नायक



**रजरप्पा।** छोटकी लारी गांव के सरना स्थल में पर्यावरण दिवस के मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य गीता देवी की निर्देश पर सखुआ का पेड़ लगाया गया। पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य पुन्नू राम नायक ने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक होने के नाते इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को पेड़ लगानी चाहिए। क्योंकि पेड़ है तो हम है। मौके पर मुकेश मुंडा, खिलेनाथ मुंडा, राजू मुंडा एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### एनटीपीसी ने मनाया पर्यावरण सप्ताह



बड़कागांव। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोल परियोजना ने 31 मई से 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह मनाया। बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूलों, कॉलोनियों और खनन क्षेत्र में निबंध, चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 6000 से अधिक पौधे विभिन्न स्थलों पर लगाए गए। परियोजना प्रमुख सुबोध कुमार दाश ने पर्यावरण के लिए शपथ दिलाई। कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्थानीय नागरिक इस पहल में शामिल हुए।

## एक नजर में

### बीडीजेजे इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन



**दारू।** बीडीजेजे इंटर कॉलेज ने इंटर आर्ट्स में 98% रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया। 650 छात्रों में से 344 प्रथम श्रेणी, 287 द्वितीय श्रेणी और 3 छात्र तृतीय श्रेणी से सफल हुए। कॉलेज की टॉपर ज्योति कुमारी ने 434 अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर नंदनी कुमारी (422), तीसरे पर छोटी कुमारी (420) रहीं। कुल टॉप टेन सूची में 10 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कॉलेज प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा समेत समस्त शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने कहा कि इस कॉलेज में अधिकतर विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और शिक्षकों की कड़ी मेहनत से ही हर साल बेहतर परिणाम मिलते हैं।

५ पे पी ३ : सफल छात्र

### डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में नईटांड विजेता




**बरही।** चौपारण में लड्डू गोपाल टेंट हाउस द्वारा आयोजित डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जय हिंद क्लब नईटांड करियातपुर और गुरु एलेवेन कोरियाडीह के बीच खेला गया। नईटांड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 83 रन बनाए जबकि कोरियाडीह मात्र 67 रन पर सिमट गई। विजेता टीम को 30,000 रुपये और ट्रॉफी, उपविजेता को 11,000 रुपये नगद राशि व ट्रॉफी दी गई। विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर कहा कि खेल मानसिक और शारीरिक विकास का आधार है। सैकड़ों दर्शकों ने मुकाबले का आनंद लिया।

### सीआइएसएफ ने लगाया फलदार वृक्ष



**बड़कागांव।** बड़कागांव में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना की सीआईएसएफ ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण अभियान चलाया। लंगातू साइड कार्यालय परिसर में कमांडेंट दीपक कुमार, उप कमांडेंट सुरेश गोकुलुथु और असिस्टेंट कमांडेंट नवीन राजा ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। कमांडेंट ने कहा कि कोयला खनन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी प्राथमिकता होनी चाहिए। सीआईएसएफ इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। कई अधिकारी व जवानों ने भाग लिया और क्षेत्र को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया।

### बरही श्रीदस स्कूल में मना पर्यावरण दिवस



**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि हजारीबाग पश्चिम के डीएफओ मौन प्रकाश और आरएफओ कमलेश सिंह ने बच्चों को पर्यावरण रक्षक घोषित करते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने ऊर्जा व जल संरक्षण पर जोर दिया। बच्चों ने पौधारोपण के साथ-साथ निबंध लेखन व ग्रीन क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि स्कूल बच्चों को सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति भी सजग करता है। करीब 100 पौधे लगाए गए।

### ईदगाह व कब्रिस्तान के लिए बनी कमिटी

**बरही।** रसोइया धमना पंचायत में मदरसा अजीजिया जेया उलूम में बैठक कर ईदगाह और कब्रिस्तान की देखरेख हेतु 11 सदस्यीय कमिटी का गठन हुआ। अध्यक्ष मो. गनी, उपाध्यक्ष मो. सेराज अंसारी व सचिव मो. हकीम अंसारी बनाए गए। संरक्षक मंडल में कई स्थानीय गणमान्य शामिल हुए। पर्यावरण दिवस के मौके पर ईदगाह व कब्रिस्तान में 500 पौधे लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सफाई, जल-बिजली व्यवस्था, जनाजा शेड और चारदीवारी रंगाई जैसे कार्य करने की भी योजना बनाई गई।

### एनएचएआइ ने लगाया 500 से अधिक पौधे

**बरही।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को एनएचएआई द्वारा बरही के रसोईयाधमना स्थित टोल प्लाजा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत बरही विधायक मनोज यादव एवं परियोजना निदेशक मनोज कुमार पांडे ने पौधा लगाकर की। इस दौरान 500 से अधिक पौधे लगाए गए। विधायक मनोज यादव ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं, हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटा जा सके। वहीं परियोजना निदेशक मनोज कुमार पांडे ने कहा कि एनएचएआई न सिर्फ सड़क निर्माण में, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अभियान में कई अधिकारी, इंजीनियर, प्लांटेशन एक्सपर्ट व कर्मचारी मौजूद रहे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### अडाणी फॉउंडेशन ने किया पौधरोपण



**बड़कागांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने गुरुवार को कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। अधिकारियों और कर्मियों ने अडाणी कार्यालय,चंदौल स्थित सरकारी विद्यालय और बड़कागांव के अंबेडकर चौक में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए, जिससे परिसर हरा-भरा हो गया। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास से इलाके में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। वक्ताओं ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अगली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बचाने की अपील की। इसके अलावा परियोजना प्रभावित बच्चों, सेना और अर्धसैनिक बलों की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख पुंडरिक मिश्रा, सेवानिवृत डीएसपी जितेंद्र दुबे, डीजीएम एसके सिंह,कुमार विवेक,मैनेजर दीपक झा, डिप्टी मैनेजर सचिन सिंह, संतोष तिवारी, सहायक प्रबंधक शरद मिश्रा, रोहन रंजन, तारकेश्वर शर्मा समेत अन्य अधिकारी कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद थे।

### उपायुक्त से मिले विधायक रोशन लाल चौधरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उपायुक्त फैज अक अहमद से विधायक रोशन लाल चौधरी ने गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने डीसी को बधाई दी। दोनों के बीच पतरातू प्रखंड क्षेत्र के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। विधायक ने विश्वास जताया कि उपायुक्त के कुशल प्रशासनिक नेतृत्व में रामगढ़ जिला विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा और आमजन को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### जैक के इंटर आर्ट्स के रिजल्ट में गुमला जिला का बेहतरीन प्रदर्शन

गुमला। झारखंड अधिविद परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट कला 2025 के परीक्षाफल में गुमला जिला पूरे राज्य में बेहतर प्रदर्शन के साथ चौथे स्थान पर रहा है। ज्ञात हो कि जिले से इस वर्ष इंटरमीडिएट कला की परीक्षा के लिए कुल 7511 परीक्षार्थी नामांकित थे। जिनमें 7459 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा कुल 7334 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए जो 98.32 प्रतिशत है। सफल होने वाले परीक्षार्थियों में 3086 छात्र तथा 4248 छात्राएं हैं। राज्य स्तर पर औसत 95 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं तथा जिला का प्रदर्शन राज्य औसत से लगभग 3 प्रतिशत अधिक है। इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के साथ 62 प्रतिशत से अधिक कुल 4554 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके अतिरिक्त 2699 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन गिफ्ट ऑफ एजुकेशन अंतर्गत सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के साथ जिले के वरीय पदाधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के रूप में संबद्ध किया गया था जो नियमित विद्यालय अनुश्रवण सहित आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे थे। जिले के सभी वरीय अधिकारियों तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक सहित झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के समस्त पदाधिकारियों द्वारा सफल छात्र छात्राओं को बेहतर भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं।

### पंपापुर इंटर कॉलेज पालकोट के करूण 450 अंक लाकर बना जिला टॉपर

गुमला। जैक बोर्ड द्वारा गुरुवार को जारी इंटर कला की परीक्षा में पंपापुर इंटर कॉलेज पालकोट के करूण कुजूर 450 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर रहा। वहीं आरके उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल पुसो सिसई के दानिश आलम 441 अंक के साथ दूसरे, प्लस टू हाई स्कूल घाघरा के रोहित महतो 439 अंक के साथ तीसरे, यूसी गर्ल्स इंटर कॉलेज गुमला की अर्पणा सिंह 436 अंक के साथ चौथे, संत इग्नासियुस इंटर कॉलेज के स्नेहा उरांव 435 अंक व प्लस टू हाई स्कूल घाघरा के अंजलि कुमारी 435 अंक के साथ पांचवें, घाघरा की ही अंकित उरांव 434 छठे, निशा कुमारी व नीतू कुमारी एवं निकिता कुमारी 433 अंक के साथ सातवें, पंपापुर इंटर कॉलेज पालकोट के कंचन कुमारी व प्लस टू हाई स्कूल डुमरी टांगरडीह की संतरिका डुंगडुंग एवं संत अन्ना इंटर कॉलेज चैनपुर की अक्षरा गुप्ता आठवें, प्लस टू हाई स्कूल टांगरडीह डुमरी की सुनिता कुमारी 430 अंक के साथ नवें व प्लस टू हाई स्कूल बसिया की मधु बराला 428 अंक के साथ दसवें स्थान पर रही।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण



गुमला। डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन लाइफ के तहत इको क्लब के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें स्कूली बच्चों, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही। जिले भर के विद्यालय परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डीइओ कविता खलखो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने उच्च विद्यालय टोटो में पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस आयोजन में एडीपीओ ज्योति खलखो, डॉ मीतू सिन्हा एवं बीपीओ दिलदार सिंह के नेतृत्व में सभी कार्यक्रमों का समन्वय किया गया।

### कार्यकर्ताओं को जो पद मिला है उसे ईमानदारी पूर्वक निभायें: चैतु उरांव



जारी। जारी प्रखंड कंग्रेस कमिटी की बैठक गुरूवार को रोशनपुर में प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष चैतु उरांव एवं प्रखंड पर्यवेक्षक उपस्थित थे। साथ ही प्रखंड कमिटी के जांचोपरांत प्रखंड कमिटी के सदस्यों को जिला अध्यक्ष के द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया। जिसमें उपाध्यक्ष राजेश टोप्पो व अमरूस एक्का, महासचिव कुलदीप एक्का, मेरी ग्रेस टोप्पो,थदियुस एक्का, सरोज टोप्पो, मुतुर्जा अन्सारी, हेरमन लकड़ा, ओसवाल तिग्गा, मकसूद अली, किशोर दास, गोवर्धन राम का नाम मनोनीत किया गया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि आपको जो पद मिला है उसे इमानदारी पूर्वक निभाएं और अपना दायित्व को समझें। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विभिन्न विकास के कार्य चल रहे हैं। जनता के पास जाएं और उनको जानकारी दें। मौके पर जिला सचिव तरुण गोप, रिजवान अंसारी, हेरमन लकड़ा, इमामुद्दीन खान, विनोद मिंज, नजरियुस टोप्पो, विजय लकड़ा, तेलेस्फोर टोप्पो, कुलदीप एक्का, पीयूष आदि उपस्थित थे।

### तर्री स्थित निर्माणाधीन पार्क में लायंस क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण



गुमला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के अन्तर्गत लायन्स क्लब गुमला के द्वारा गुरुवार को प्रखण्ड के तर्री ग्राम में वन विभाग द्वारा निमार्णाधीन पार्क में क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर लाय्यंस अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब गुमला विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित करती है। हम सभी गुमला वासियों से अपील करते हैं कि अपने अपने इलाके में पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए हरेक परिवार को एक पौधा लगाना चाहिए। सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि जिस तरह भविष्य के लिए पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पौधा लगाना आवश्यक है। उसी तरह हमलोगो को जल को भी संरक्षित करना जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ शंकर लाल जाजोदिया, लायन्स मुरली मनोहर प्रसाद, गुलाब चन्द्र प्रसाद, दामोदर कसेरा, पवन अग्रवाल, विजय गाड़ोदिया, शिव कुमार लाल, योगेन्द्र साहु एवं सुरज कुमार उपस्थित थे।

---

**गुमला : विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया पौधरोपण**

## पर्यावरण का संतुलन बिगड़ना चिंता की बातः पीडीजे

खबर मन्त्र संवाददाता



पौधारोपण करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश।

गुमला। व्यवहार न्यायालय गुमला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान जज कॉलोनी गुमला के प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा पौधारोपण किया गया तथा एडीजे प्रथम प्रेम शंकर, एसीजेएम सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मौमिता गुईन, एसडीजेएम पूनम कुमारी ने भी पौधारोपण किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। प्राकृतिक और मानव का पुराना रिश्ता है। आधुनिकता और बढ़ती व्यवस्था के कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है जो आज चिंता का विषय है। हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि प्राकृतिक का संतुलन बना रहे जलस्तर ऊंचा हो और हमें जल सुलभ उपलब्ध हो। हमें फलदार पौधा पर ज्यादा ध्यान देना होगा। बालू खनन, पहाड़ खनन आदि से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। हम सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना होगा ताकि भविष्य में हमारा पर्यावरण अच्छा एवं स्वच्छ रहे। कार्यक्रम में स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डीएन ओहदार, बुदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे तथा डीएलएसए कार्यालय के आशा लकड़ा, अमन, प्रियांशु, पीएलवी जोसेफ किंडो आदि उपस्थित थे।

## नगर परिषद निर्माण कार्य में बरत रही अनियमितता, मंच जताया रोष

**खराब कार्यों को लेकर जल्द लगाया जाएगा प्रदर्शनी और कार्य कराने वाले तकनीकी अधिकारियों को किया जाएगा पुरस्कृत : कंवलजीत सिंह**

खबर मंत्र संवाददाता



नपा द्वारा बनाया गया गड्ढा पुल।

लोहरदगा। नगर परिषद विभाग में बहुत तरह की अनियमितताएं हैं और घटिया निर्माण कार्य नगर परिषद की ओर से लगातार कराया जा रहा है उक्त बाते सामाजिक विचार मंच के संयोजक कंवलजीत सिंह ने कही। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों और मोहल्ले में पीसीसी सड़क, कलवर्ट, नाली आदि का निर्माण किया जा रहा है जिसमें जमकर धांधली की जा रही है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 8 के राजकीय कृत हिंदी मध्य विद्यालय (पुराना नाम हरिजन स्कूल) के पास एक ऐसा कल्वर्ट बनाया गया है जिसमें चार पहिया वाहन पार करने में गाड़ियां लगातार सट रही है और गाड़ी सभी को डैमेज हो रही है। जबकि संजय गांधी पथ का वह मुख्य इंट्रेंस है और कल आम जनता के द्वारा ढेला पत्थर टूटा ईटा डालकर ऐसा रास्ता बनाया गया कि कम से कम कर पहिया जा सके और दो पहिया वाहन बगल से थोड़ी सी जगह है वहीं से क्रॉस कर रहे हैं। इसे पब्लिक का कहना इससे अच्छा तो पहले कल्वर्ट था नया कन्वर्ट नहीं बनता सो अच्छा था यह स्थिति है और ढाई महीने से नगर प्रशासक को लगातार वार्ड पार्षद एवं सामाजिक विचार मंच के द्वारा व्हाट्सएप में लिखित और फोन कर करके कहा जा रहा है ठीक करने के लिए लेकिन नगर परिषद सेटिंग के तहत शांत बैठा हुआ है।

---

**झारखंड आंदोलनकारियों की दुर्दशा पर मुखर हुआ संघर्ष मोर्चा, चैनपुर में हुई सभा**

## राज्य की भाषा-संस्कृति, पहचान, परंपरा, अस्मिता को मिटाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है : पुष्कर महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला जिला के तत्वावधान में गुरूवार को चैनपुर ब्लॉक स्थित कौशल विकास केंद्र के सभागार में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय, राजकीय मान-सम्मान, स्वाभिमान से जीने का अधिकार, एक अलग पहचान, उनके पुत्र-पुत्रियों के लिए शत-प्रतिशत रोजगार और नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को 50,000 की सम्मान पेंशन राशि देने की सरकार से मांग की गई। मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने अपने संबोधन में झारखंड आंदोलनकारियों की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड में अलग-अलग कंपनियां बनाकर आंदोलनकारियों की भावनाओं को कुचला जा रहा है। महतो ने आरोप लगाया कि झारखंड अलग राज्य के मूल्य माय-माटी, भाषा-संस्कृति, पहचान, विरासत, परंपरा, अस्तित्व और अस्मिता को मिटाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। रोजलीन तिर्की ने कहा कि अबुआ दिशुम अबुआ राइज, अबुआ गांव, अबुआ सरकार होने के बाद भी झारखंड आंदोलनकारी और झारखण्डी अपने ही घर में परदेसी बन गए हैं, यह एक विडंबना है। सभा को खोरस केरकेट्टा, अंथन लकड़ा, सुबोध लकड़ा, सुजीत कुमार राम, विजय तिर्की, बर्नाड मिंज, अलबर्ट तिग्गा, सोमारी देवी, नीरु देवी, सुशीला लकड़ा, पुनीत उरांव, प्लासियुस टोप्पो, जगदीश लकड़ा, ईश्वर टोप्पो, आलोक लकड़ा, किशोर गिद्ध, प्रकाश खलखो, सुजात टोप्पो, इशाक टोप्पो, निर्मल, अगस्टीन आदि ने भी संबोधित किया।

**लोहरदगा नगर भवन में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में डीसी ने कहा**

## आपसी सौहार्द के साथ मनाये बकरीद

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद डीसी और एसपी।



बैठक में मौजूद लोग।

लोहरदगा। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरुवार को नगर भवन में आयोजित की गई। इस मौके पर डीसी डॉक्टर ताराचंद ने कहा की लोहरदगा जिला गंगा जमुनी तहजीब वाला जिला है, लेकिन पर्व त्योहारों में आसामाजिक तत्वों के द्वारा अक्सर अशांति फैलाने का प्रयास रहता है।

डीसी ने कहा बकरीद कुबार्नी और बलिदानी का त्यौहार है। इसकी मूल भावना का ख्याल रखा जाना चाहिए, कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी दूसरे समुदाय के लोगों की आस्था पर दुष्प्रभाव पड़े। हम सभी को समझना चाहिए कि हम बराबर हैं एक दूसरे के कल्याण के लिए हैं। जिला प्रशासन आसामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रख रही है। यह पर्व सभी का पर्व है, आप इसे आपसी सौहार्द के साथ मिलकर मनाएं।

**अफवाह नहीं फैलाएं : एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी को विशेष रूप से अपने क्षेत्र में निगरानी रखनी है। जिनको भी कुबार्नी देनी है अपने घरों के प्रांगण में ही दें। किसी की भावना को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का अफवाह नहीं फैलाएं। इसके लिए विशेष दंड की व्यवस्था है।

जब कुबार्नी का समय समाप्त हो जाए तो उस क्षेत्र में अपशिष्ट को डिस्पोज कर दिया जाए। इधर-उधर अपशिष्ट को नहीं फेंका जाए। क्विक रिस्पांस टीम और फोर्स की पुरी व्यवस्था है। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ किसको, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों से आए अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सचिव सद्भावना मंच के सदस्य व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### घाघरा थाना में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

घाघरा। थाना परिसर घाघरा में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पुनीत कुमार मिंज ने की। बैठक में बकरीद पर आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी पुनीत कुमार मिंज ने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मिलजुल कर मनाएं। किसी भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह पर कोई ध्यान ना दे। गलत मैसेज को फॉरवर्ड करने वालों के खिलाफ पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी। मौके पर उपस्थित लोगों में सी विकास कुमार,अनिकेत कुमार, एसआई उपेंद्र पाठक,चपका मुखिया अग्नि उरांव, अनिरुद्ध चौबे, कृष्णा कुमार लोहरा, जावेद खान, भोला खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुमला : गंगा दशहरा पर की गयी नदी की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर के विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण, जागरूकता कार्यक्रम, रैली, पदयात्रा एवं नदी पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न गांवों में आयोजित की गई। साथ ही बिशुनपुर में यह कार्यक्रम संस्था के कार्यकर्ताओं, ग्रामीणो, संस्था के विभिन्न आश्रमों में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं के साथ मनाया गया। नदी पूजन हेतु संस्था के मुख्यालय से तुमसे रोल गांव स्तिथ तक कोयल नदी तट तक 3.5 किलो मीटर की पदयात्रा एवं रैली निकाली गई। नदियों की महत्ता को दशार्ने एवं उसकी स्वच्छता को बनाए रखने हेतू नदी का पूजन किया गया। इस अवसर पर मेगा वाटरशेड परियोजना द्वारा बिशुनपुर प्रखण्ड के पांच गांव अमतीपानी पंचायत के तुमसे रोल में कोयल नदी में, नरमा पंचायत के लंगराटांड़ एवं रांगे गांव के ग्रामीणों द्वारा रांगे नदी में, बनारी पंचायत के टिटही गांव में बिरटोला नदी में, निरासी पंचायत के बोरांग मे सुदा नदी मे एवं घाघरा पंचायत के जनहुपाठ के लुग पिचहा नाला मे नदी पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं बिशुनपुर सहित गुमला के विभिन्न स्थानों पर लगभग 300 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत, पंकज सिंह, राम कुमार चौधरी, संजय कुमार, संजय सिंह, अनिल सिंह, कौशल किशोर, दीपक कुमार, शीला खेस, सूर्यमुनी कुमारी, ऋतु कुमारी, अभय कुमार, प्रदीप उराव, जीवनन्दन महतो आदर्श आजाद आदि शामिल थे।

### शिवानी कुमारी इंटर कला संकाय में 92.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी जिला टॉपर



कैरो। साइकिल मरम्मत का छोटा दुकान चलाने वाले कि पुत्री ने राज्य में पांचवा स्थान लाकर सिद्ध कर दिया कि कामयाब व शिक्षा प्राप्त करने के लिए गरीबी कोई मायने नही रखता है। जरूरत है निष्ठा के साथ मेहनत करने की। प्रखण्ड मुख्यालय निवासी डॉक्टर अनुग्रह नारायण प्लस टू की छात्रा साइकिल मिस्त्री रामानंद पांडेय गृहणी माता रुक्मणि देवी की पुत्री शिवानी कुमारी इंटर में कला संकाय में 500 में से 463 अंक (92.6%) लाकर जिला प्रखण्ड में प्रथम वहीं स्टेट स्तर पर पंचवा स्थान प्राप्त करके गांव, प्रखण्ड जिला समेत प्रदेश का नाम रौशन की है। शिवानी कुमारी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता शिक्षकों को देते हुए आगे आई एस आई पी एस बनाना चाहती है। शिवानी कुमारी मैट्रिक परीक्षा में भी 460अंक लाकर प्रखण्ड में पहला स्थान प्राप्त की थी। पिता अभी भी रांची में रहकर दूसरे के दुकान पर साइकिल मिस्त्री का काम करते हैं। माता रुक्मणि देवी का कहना है कि हम जैसे गरीब परिवार की लड़की प्रदेश में पंचवा स्थान प्राप्त की है जिससे हम परिवार वाले समेत गांव घर प्रखण्ड के शुभचिंतक काफी खुश है। वहीं सिंजो निवासी हलीम अंसारी गृहणी जैबुन निशा का पुत्र जावेद अंसारी 441 अंक लाकर जिला में चौथा व प्रखण्ड क्षेत्र में दुसरा स्थान प्राप्त किया वह आगे सिवील सेवा में जाना चाहता। कैरो निवासी सिलाई का काम करने वाले नईम अंसारी ग्रहणी शबनम प्रवीण की पुत्री नईमा प्रवीण 431 अंक(86.2%) लाकर जिले में पंचवा व प्रखण्ड क्षेत्र में तीसरा स्थान प्राप्त की है। मैट्रिक की परीक्षा में भी नईमा प्रवीण 427 अंक (84.8%) प्रखण्ड क्षेत्र में तीसरा स्थान लाइ थी। नईमा प्रवीण आगे पढ़ लिखकर एक अच्छा शिक्षक बनना चाहती है.इन सभी के सफलता पर सभी के परिवार वाले समेत परिजन, दोस्त गांव घर वाले काफी खुश है और बधाई देने का सिलसिला जारी है। बधाई देने वालो में सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष मो सजाद, महताब आलम, अख्तर अंसारी, किशोर भगत, सोमरा उरांव, वसीम खान, बुधवा उरांव, तिला उरांव,मंजुल अंसारी, रिजवान अंसारी, जोरावर खान, मुस्लिम अंसारी, रेयाज अंसारी आदि शामिल हैं।

## देवनाद दामोदर महोत्सव सह गंगा दशहरा कार्यक्रम का आयोजन

**पर्यटन के क्षेत्र में विकास करना मेरी प्राथमिकता : डीसी**

खबर मन्त्र संवाददाता





लोहरदगा। देवनाद दामोदर महोत्सव सह गंगा दशहरा का आयोजन युगांधर भारती, दामोदर बचाओ आंदोलन, नेचर फाउंडेशन, देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में दामोदर नद के उद्गम स्थल चूल्हा पानी पंचायत सलगी प्रखंड कुडु में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीसी डॉ कुमार ताराचंद, डीडीसी लोहरदगा दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, प्रखंड सह अंचल पदाधिकारी कुडू मधुश्री मिश्रा, का स्वागत दामोदर बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। तत्पश्चात चूल्हा पानी में नदी पूजन, हवन एवं आरती के पश्चात भव्य भंडरा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि चूल्हा पानी पर्यटन क्षेत्र के रूप में चिन्हित क्षेत्र है, इसका विकास करना मेरा प्राथमिकता है। यहां पर का लोगों को आवागमन एवं अन्य सुविधा सुनिश्चित करना मेरा धर्म है। लोग चूल्हा पानी आसानी से घूमने के लिए जाएं। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सरकार की हर योजना को हम जिला का कोने कोने तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम में संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, बाल कृष्णा सिंह, मुखिया सुमित्रा कुमारी, रामस्वारथ साहू, शरद चंद्र आर्य, जयनारायण प्रजापति, वीरेंद्र उरांव, भूषण प्रसाद, विवेक सिंह, भुपाल पाठक, मनोज गंझू, सुरजागंझु, रघु गंझू, विनोद गंझु सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर चैनपुर में शांति समिति की बैठक

चैनपुर। बकरीद को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुमला एसपी हारीश बिन जमां ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को गांव–गांव में शांति समिति की बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम रहे। इसी क्रम में चैनपुर थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, दिनेश कुमार, नंदकिशोर कुमार, निर्मल राय सहित अन्य पुलिस जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए बरवेगर, जमगाई, चैनपुर और लंगड़ा मोड़ जैसे महत्वपूर्ण गांवों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की। इन बैठकों में संबंधित गांवों के कई प्रबुद्धजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठकों के दौरान, पुलिस पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों के साथ बकरीद पर्व को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। पुलिस ने निर्देश दिया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले या या अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### इंटर कला की में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन





भंडरा। इंटर कला की परीक्षा में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय बांद्रा के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है इस विद्यालय का रिजल्ट 97.79% हुआ है विद्यालय से कल 272 छात्रों ने परीक्षा लिखा था जिसमें से प्रथम श्रेणी से 150 द्वितीय श्रेणी से 115 तृतीय श्रेणी से एक एवं फेल 6 छात्र हुए। इंटरमीडिएट कला की परीक्षा में चंचल साहू 442 अंक 88.4% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। दूसरे स्थान पर नगीसा बेगम 408 अंक 81.6% अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही। तीसरे स्थान पर नरगिस परवीन 402 अंक 80.4% मार्क्स लाकर अपने एवं अपने परिवार का सम्मान बढ़ाई है। प्रधानाध्यापक अजय कुमार सहित सभी शिक्षकों ने सफल हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर समाहरणालय में लगाये गये 108 पौधे





खबर मन्त्र संवाददाता

**डीडीसी सहित जिले के कई वरीय पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला एवं ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन**

गुमला। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला एवं ग्राम सेवा पथ ट्रस्ट गम्हरिया घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में समाहरणालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम थीम पर 108 पौधा रोपण किया गया। वहीं स्थानीय सेवा केंद्र पर यौगिक गृह वाटिका का शुभारंभ विश्व किया गया। विदित हो कि सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति जागृति लाने के लिये किये गये विशेष प्रयासों को देखते हुए ब्रह्माकुमारीज संस्थान को यूएनईपी में गैर सरकारी संगठन एनजीओ के रूप में 2014 से पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। ब्रह्माकुमारीज का ही सहयोगी संस्थान राजयोग एज्युकेशन एण्ड रीसर्च फाउण्डेशन कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का विशेष प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त दिलश्वर महतो, अपर समाहर्ता शशिन्द्र बड़ाईक, आइटीडीडए निदेशक रीना हांसदा, डीसीएलआर, जिला उद्यान पदाधिकारी, एनडीसी ललन कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, उप सचिव पवन साहू ,जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से बी के ममता बहन के द्वारा पौधारोपण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में व्यवसायी संजय अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल, बीके शिव भाई, बीके अमित, बीके कुसुम बहन, उत्तम, पंकज, सुनील साहु , मोनी मनिषा साहू तथा डीसी कार्यालय के अनेक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। परिसर में अशोका चम्पा के साथ अन्य प्रकार का पौधा रोपन किया गया।

### जारी : बीडीओ ने किया आवास योजनाओं का निरीक्षण



जारी। जारी प्रखंड में संचालित विभिन्न आवास योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण कर बीडीओ यादव बैठा ने गुरूवार को निरीक्षण किया। जिनमें अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, पीएम जनमन आवास शामिल है। इस दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लाभार्थियों से मुलाकात की और उन्हें आवास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीडीओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो संबंधित लाभार्थियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ यादव बैठा ने उन लाभार्थियों को विशेष रूप से हिदायत दी। जिनके आवास का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है या धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार द्वारा आवंटित राशि का सदुपयोग करते हुए जल्द से जल्द अपने आवास का निर्माण पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले लाभार्थियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित कॉर्डिनेटर कमलेश बारला ने भी लाभार्थियों को आवास निर्माण की राशि उनके बैंक खातों में हस्तांतरित करने की जानकारी दी। उन्होंने लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वे बिना किसी झिझक के उनसे संपर्क कर सकते हैं।

## एक दूसरे का ख्याल रखते हुए खुशियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार : अब्दुल रउफ

**7 जून को 8:00 बजे ईदगाह में अदा की जाएगी ईद उल अजहा की नमाज**

**पहली जमात सुबह 6.30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी, मस्जिदे रशीद मे**

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज आगामी 07 जून को नगर क्षेत्र में चार जमातों में अदा की जाएगी। इस संबंध में अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि ईद उल अजहा की पहली जमात सुबह 6:30 बजे मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे अहसनी और मस्जिदे रशीद में अदा की जाएगी। जिसकी इमामत मस्जिदों के आइमा एकराम द्वारा पढ़ाई जाएगी। जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़ कर बाकी बचे हुए मस्जिदों में 7.00 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी, जिसकी इमामत मस्जिदों के इमाम करेंगे। तीसरी जमात ईदगाह में सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी, जिसकी इमामत जामा मस्जिद के इमाम मौलाना कारी समीम रिजवी साहब करेंगे। चौथी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में 8.15 पर अदा की जाएगी। जामा मस्जिद में हाफिज तसलीम रजा व बेलाल मस्जिद में हाफिज अब्दुल हामिद साहब इमामत फमाएंगे। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि बकरीद का त्योहार खुशियों के साथ शान्तिपूर्ण और कानून का सम्मान के सौहार्द्र माहौल में मनाएं। साथ ही कुबार्नी एहतियात के साथ पर्दे में करें और एक दूसरे का ख्याल रखते हुए ईद उल अजहा का त्योहार मनाएं। कुबार्नी की तस्वीर या विडियो किसी भी सोशल मीडिया पर शेयर न करें।

## लोयाबाद थाना में शांति समिति की बैठक

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना में गुरुवार शाम बकरीद को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक के बाद पर्यावरण दिवस मनाया गया। थाना प्रभारी पीकू प्रसाद ने कहा कि लोग शांति तरीके से बकरीद मनाये। कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है। हम सब मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। लोगों से पेड़ लगाने की अपील की गई। बैठक समाप्ति के बाद थाना परिसर में पौधा रोपण किया गया। संचालन चेम्बर के सचिव सुनील पांडेय ने किया। पूजा समिति के सचिव विजेन्द्र पासवान, रवि चौबे, मनोज मुखिया, निसार मंसूरी, एसएस प्रसाद सहित प्रशासन से एसआई रोहित महतो, एएसआई नवल किशोर शुक्ला, हीरालाल दास,बिनोद पासवान, अवधेश सिंह आदि शामिल थे।

# ग्रामीणों की अनदेखी कर संवेदकों ने रातों-रात कर दी पुल की ढलाई

### जमकर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम करमा में करमा नदी पर बन रहे पुल को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया किस्म के बालू के इस्तेमाल और कम सीमेंट की मात्रा को लेकर पहले ही आपत्ति जताई थी।

ग्रामीणों की मांग थी कि कनीय अभियंता की उपस्थिति में ही ढलाई का काम हो, लेकिन संवेदक मुंशी प्रदीप यादव ने सभी को नजरअंदाज करते हुए रातों-रात पुल के स्लैब की ढलाई करवा दी।



ग्रामीणों ने इस हरकत पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि घटिया निर्माण से पुल की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ेगा और भविष्य में लोगों की जान भी खतरे में पड़ सकती है।

ग्रामीणों के विरोध के बावजूद, न तो मुंशी प्रदीप यादव ने कोई जवाब दिया और न ही मजदूर कुछ कहने को तैयार हुए। यहां तक कि आर टी सी कंपनी के कनीय अभियंता विजय यादव से भी कई बार फोन करने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित हो और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर लगाम लग सके।

## इंटरमीडिएट में महुदा इंटर कालेज के छात्र छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन

**महुदा।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा इंटरमीडिएट 2025 का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें महुदा इंटर महाविद्यालय में छात्र छात्राओं का परीक्षाफल कला विषय में अच्छा रहा। कला विषय में 529 छात्र छात्राएँ शामील हुए। जिसमें प्रथम स्थान में 173 छात्र छात्राएँ, द्वितिय स्थान में 321 तथा तृतिय स्थान में 20 बच्चे सफल रहे। कॉलेज में प्रथम स्थान पायल कुमारी पाल ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, द्वितिय स्थान में नीतु कुमारी तथा मनोरंजन हजारी ने 78.4अंक प्राप्त किया, वहीं तृतिय स्थान में साहेबा परवीन ने 74.4 अंक प्राप्त किया। महाविद्यालय के सचिव दीपनारायण शर्मा एवं प्राचार्य सिकन्दर रवानी ने सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

**एक नजर में**

## वुमन फॉर ट्री एक पेड़ माँ के नाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा के नेतृत्व में अमृत मित्रा योजना के तहत वूमेन फॉर ट्री घटक अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम स्लोगन के साथ वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा एफ एस पी टी प्लांट एवं नगर परिषद कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

## कुएं से महिला का शव बरामद, इलाके में सनसनी

**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी प्रखंड के बंगराखुर्द गांव में शुक्रवार को एक कुएं में महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि गांव की कुछ महिलाएं खेत में शौच के लिए गई थीं। तभी उनकी नजर कुएं में तैरते एक महिला के शव पर पड़ी। महिलाओं के शोर मचाने के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। हालांकि समाचार लिखने जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाया। घटना की सूचना मिलते ही बिरनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार की सुबह भेजा जाएगा। घटना के बाद गांव में दहशत और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सघन पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सेल चासनाला व उसकी आउटसोर्सिंग कंपनी केटीएमपीएल द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें पौधरोपण, आसनबनी में निमार्णाधीन कॉलोनी में सघन फलदार पौधों का पौधरोपण सेल टासरा महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी के द्वारा किया गया। इसके साथ ही आसनबनी के ग्रामीणों के लिए बड़े तालाब का जीर्णोद्धार, रोहडाबाँध उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय एवं सरिसाकुंडी प्राथमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेल महाप्रबंधक शिबराम बनर्जी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का थीम प्लास्टिक प्रदूषण को हराना है। इससे बढ़ते प्लास्टिक संकट से निपटने की तत्काल जरूरत है। हमें प्लास्टिक उत्पादों का कम से कम प्रयोग करना है और प्लास्टिक के विकल्पों के उपयोग को बढ़ाना है।

## आरके माइनिंग आउट सोर्सिंग ऑफिस गेट पर प्रदर्शन

### स्थानीय को नियोजन देने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कतरास क्षेत्र अंतर्गत सालानपुर कोलियरी में कोयला खनन करने आई आरके माइनिंग आउट सोर्सिंग कम्पनी के गुहीबांध स्थित ऑफिस के मुख्य गेट पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता अर्जुन महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। लोगों कहना था कि क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नियोजन (रोजगार) दिया जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि जब तक स्थानीय युवाओं को नौकरी नहीं दी जाती, तब तक पानी निकालने का कार्य को चलने नहीं दिया जाएगा। उनका आरोप है कि कंपनी बाहरी लोगों को नौकरी दे रही है, जबकि इलाके के लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस भी मौके पर पहुंची। कम्पनी प्रतिनिधियों ने विधायक से सम्पर्क कर मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ।



## बारहवीं आर्ट्स की परीक्षा में कृति कुमारी बनी जिला टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने गुरुवार को बारहवीं आर्ट्स विषय का रिजल्ट जारी किया। जिसमें जिले के 97.77 प्रतिशत छात्र छात्राएं सफल रहे है। 500 में 453 अंक लाकर डी एवी प्लास टू हाई स्कूल, पाथलडीह की छात्रा कृति कुमारी जिला टॉपर हुई है। वहीं टॉप टेन जिला टॉपर की सूची में जीएनएम प्लास 2 हाई स्कूल कतरासगढ़, डीपीएलएम उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल नवाडीह, एसएचएमएस इंटर महाविद्यालय कुमारधुबी, डीएवी प्लास 2 हाई स्कूल धनबाद, डीएवी प्लास 2 हाई स्कूल कतरासगढ़, एसएसएनएमएस इंटर कॉलेज सिजुआ, डॉ. एसपीएम इंटर कॉलेज सिंदरी के छात्र छात्राएं शामिल है। ज्ञात हो कि बारहवीं आर्ट्स की परीक्षा में जिले के कुल 15 हजार 765 छात्र छात्राएं शामिल हुए थे, जिसमें 15414 सफल हुए है। सिर्फ 351 छात्र फेल हुए है।

## उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पेशम में 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 का आयोजन

**गिरिडीह/बिरनी।** बिरनी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय पेशम में पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्थानीय मुखिया रागिनी सिन्हा, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों ने अपनी मां के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब-जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 129/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड... वादी
बनाम
प्रेम अगरीया... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. प्रेम अगरीया, पिता- श्री रामसरूप अगरीया, पता फ्लैट नं0-4डी, पिरका मोड़, देवी मण्डप, हेसल, राँची-834005, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 129/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है. जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।

अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक 05.05.23 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।

# हंगामे के बीच नियुक्त प्राचार्य ने किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज डिग्री कॉलेज में प्रभारी प्रचार्य को लेकर चल रहे विवाद पर गुरुवार को तत्काल विराम लग गया, जब विश्वविद्यालय द्वारा नवनियुक्त एसएसएलएनटी कॉलेज धनबाद की प्राचार्य डॉक्टर शर्मिला रानी ने प्रभार ग्रहण कर लिया। इसकी अधिसूचना बुधवार को जारी की गई थी।

विश्वविद्यालय की अधिसूचना जारी होने और प्राचार्य की नियुक्ति संबंधित जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को भारी संख्या में लोग कॉलेज गेट पर बैठ गये। महाविद्यालय के ही किसी शिक्षक को प्राचार्य बनाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करते रहे। विधि व्यवस्था को लेकर समस्या से निपटने के लिए बाघमारा सीओ, बीडीओ, मजिस्ट्रेट, राजगंज थाना प्रभारी सदलबल मौके पर मौजूद थे। स्थिति गंभीर होते देख अतिरिक्त महिला और पुलिस बल, कतरास इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे।



बल पूर्वक प्रदर्शन को खत्म कराया। मौके से पुलिस ने मौके से एक शिक्षक पांच लोगों को थाने ले गयी।

मालूम हो कि बुधवार को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राजगंज डिग्री कॉलेज की शाषि निकाय को भंग करते हुए नई स्थायी कमिटी के गठन के लिए सदस्यों का चयन व कॉलेज के स्थायी प्राचार्य नियुक्ति तक विश्वविद्यालय द्वारा अस्थाई तौर पे नियुक्त प्राचार्य कार्यरत रहेंगे।

## दो थानों में 26 नवनियुक्त चौकीदारों ने संभाला कार्यभार

**गिरिडीह /बिरनी।** बिरनी प्रखंड के दो थानों झ बिरनी थाना और भरकट्टा ओपी में गुरुवार को 26 नवनियुक्त चौकीदारों ने अपनी जिम्मेदारियां संभाल लीं। इनमें बिरनी थाना में 12 और भरकट्टा ओपी में 12 चौकीदारों ने योगदान दिया, जबकि दो अन्य चौकीदार अंचल कार्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। इससे प्रखंड की सुरक्षा व्यवस्था को नया बल मिला है। चौकीदारों की नियुक्ति से ग्रामीण इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एलडीएम ने बैंक प्रबंधकों को केसीसी लोन मामले में लगाई फटकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में एलडीएम अमित कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को बीएलबीसी की बैठक हुई।जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने सभी बैंक प्रबंधन से सीएसआर फंड से किये गये कार्यों का ब्यौरा मांगा। साथ ही सूची उपलब्ध कराने की बात कही।

कहा कि सूची नहीं मिलने पर आरटीआई के माध्यम से सूची मांगी जायेगी। काली पहाड़ी पूर्व पंचायत के पंस अजय कुमार ने 13वें वित्त का बैंक स्टेटमेंट का मुद्दा उठाया।कहा कि यूको बैंक मैथन से स्टेटमेंट मांगने पर नहीं दिया गया। एलडीएम ने बैंक प्रबंधक को अविलंब स्टेटमेंट देने का निर्देश दिया। जिप सदस्य गुलाम कुरैशी ने कहा कि लाभुक समिति का खाता खोलने मे बैंक रूचि नहीं दिखाता है। इससे झारखंड सरकार की योजना पूरी नहीं हो सकती है। एलडीएम कुमार ने सभी बैंक प्रबंधन को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं से संबंधित कोई भी लोन हो उसे जल्द निष्पादन किया जाय।? प्रखंड कर्मी बहादुर मुर्मू और रेणु कुमारी ने केसीसी लोन से संबंधित कितने लाभुको का पेंडींग है इसकी जानकारी बैंक द्वारा नही दिए जाने का मामला उठाया। एलडीएम ने सभी बैंक प्रबंधक को फटकार लगायी। निर्देश दिया कि केसीसी लोन का जितना भी पेंडिंग मामला है उसे प्रखंड कार्यालय से जुड़े ग्रुप में शेयर करे और एक सप्ताह के अंदर लोन स्वीकृति या रिजेक्ट का कार्य पूरा करे। बैठक में सासंद प्रतिनिधि प्रशांत बनर्जी, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, श्रीकांत मंडल, बहादुर मुर्मू, रेणु कुमारी सहित प्रखंड के सभी पंचायत सचिव व रोजगार सेवक थे।

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब-जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या- 124/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड... वादी
बनाम
जीतेन्द्र ठाकुर... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. जीतेन्द्र ठाकुर, पिता- श्री नन्दलाल ठाकुर, पता पटेल नगर, भुरकुण्डा बाजार, बीचा, रातु, राँची-829106, झारखण्ड ।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 124/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।

अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक- 05.05.25 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।

## जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम, लिया गया संकल्प



खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** प्रखंड के साहूबहियार गांव स्थित तालाब परिसर में गुरुवार को गंगा दशहरा के अवसर पर एकल अभियान गतिविधि विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर ग्रामीणों ने तालाब के किनारे सामूहिक रूप से मां गंगा का पूजन व आरती की तथा जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता विकास कुमार महतो ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मौके पर दिनेश कुमार महतो, खेदन महतो, विजय कुमार महतो, संयोती कुमारी, ललिता कुमारी सहित कई ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंदरी थाना में शांति समिति की बैठक

**सिंदरी।** सिंदरी थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता सिंदरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन प्रतिष्ठा और सम्मान का विषय है। हमें मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व को मनाना है। इस दौरान सहयोग के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी। बैठक में अफवाहों पर ध्यान नही देने की बात कही गई।

### टाटा स्टील फाउंडेशन के समर कैंप में

# सिजुआ व जामाडोबा के 800 से अधिक बच्चों ने उठाया लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** टाटा स्टील फाउंडेशन की 10 दिवसीय समर कैंप 2025 का सफल समापन मालकेरा और डिगवाडीह सामुदायिक केंद्रों में हुआ। 27 मई से 5 जून 2025 तक आयोजित शिविर में उत्साहपूर्वक रूप से भाग लेने वाले 800 से अधिक बच्चों की ऊर्जा, समर्पण और उभरती खेल प्रतिभाओं का जश्न मनाया गया। 8 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के लीज क्षेत्र या समीपवर्ती इलाकों में रहने वाले बच्चों के लिए आयोजित इस शिविर का फोकस तीन प्रमुख खेल विधाओं में तीरंदाजी, एथलेटिक्स और फुटबॉल पर रहा। सिजुआ और जामाडोबा दो स्थानों पर आयोजित शिविर में सिजुआ से 282 और जामाडोबा से 518 बच्चों ने भाग लिया। कुल 280 बालिकाओं की भागीदारी ने खेलों में समावेशिता और समान अवसर सुनिश्चित करने के प्रति टाटा स्टील फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती दी। 10 दिनों के दौरान बच्चों को एक सुव्यवस्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया गया।इस मौके पर सुब्रत दास चीफ जामाडोबा ग्रुप झरिया डिवीजन, टाटा स्टील और मालकेरा के लिए संजीव ठाकुर हेड, सिजुआ कोलियरी, झरिया डिवीजन टाटा स्टील शामिल थे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंदरी के विभिन्न संगठनों ने किया पौधरोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर सिंदरी के विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया।अदाणी एसीसी सिंदरी सीमेंट वर्क्स में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। प्लांट मैनेजर पुष्प राज सिंह गौतम के नेतृत्व में सिंदरी सीमेंट वर्क्स के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। प्रदूषण नियंत्रण परिषद धनबाद के दिशा-निर्देश के आलोक में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम में लोगों ने भाग लिया। अदानी फाउंडेशन के टीम ने अहम भूमिका निभाई।

**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत श्री चन्द्र भानु कुमार, सब-जज-1, राँची
एक्सक्यूसन वाद संख्या 125/2024
मेसर्स श्रीराम फायनेंस लिमिटेड ... वादी
बनाम
सुगानती कुमारी... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. सुगानती कुमारी, पिता/पति श्री छेदी महली, पता देवी मण्डप रोड, पिस्का मोड़, हेसल, राँची-834005, झारखण्ड।

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि आवेदक/वादी ने आपके विरूद्ध एक्सक्यूसन वाद संख्या 125/2024 मेरे न्यायालय में दायर किया है, जो कि मेरे न्यायालय में लंबित है। न्यायालय से नजारत एवं पंजीकृत डाक के द्वारा नोटिस जारी किया गया, परन्तु आप न्यायालय में अब तक स्वय या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।

अतः न्यायालय के आदेश से इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया है कि आप दिनांक-05.05.25 को दिन में 10.30 बजे सुबह स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एवं निपटारा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कर दी जाएगी।

## डीसी ने नारायणपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं सीएचसी का निरीक्षण कर दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का गुरुवार को डीसी रवि आनंद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर का अवलोकन कर साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं उन्होंने कार्यालय में संधारित होने वाली विभिन्न पंजियों यथा रोकड़ पंजी, अग्रिम पंजी, सेवा पुस्तिका, उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, लगान पंजी सहित अन्य पंजियों का बारी बारी से अवलोकन कर ससमय संधारण करने सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिया। बैठक के क्रम में प्रखंड अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी एवं विकास योजनाओ के अद्यतन स्थिति एवं प्रगति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कहा जिसका रिपोर्ट में सुधार नही हुआ वैसे कर्मी को तीन बार शकोज करने के बाद कार्य मुक्त कर दिया जायेगा। एल्डर्स क्लब में बुजुर्गों से मिल कर लिया जानकारी लिया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर में एमटीसी, ओपीडी एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधा को सुदृढ़ करने एवं इसे मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया।इस मौके पर उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव अंचल अधिकारी देवराज गुप्ता,मुखिया वीरेंद्र प्रताप हेम्ब्रम, बीपीओ। वाणीव्रत मित्रा, करुणा मंडल सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।



## जिला में टॉप 10 में स्थान पानेवाली सिंदरी की अवनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** जैक द्वारा गुरुवार को घोषित इंटर कला के परीक्षा परिणाम में डॉ एस पी एम इंटर कॉलेज सिंदरी में छात्राओं ने परचम लहराया है। डॉ एस पी एम इंटर कॉलेज की छात्रा अवनी पांडेय इंटर कला में 440 अंक प्राप्त कर कालेज में टापर सहित धनबाद जिला में टॉप 10 में जगह बनाई है। अंजली कुमारी 415 अंक प्राप्त कर सेकेंड टापर और प्रियंका कुमारी 412 अंक प्राप्त कर थर्ड टापर बनी है। छात्रा अवनी पांडेय की दादी सावित्री पाण्डेय ने कहा कि धनबाद जिला में टॉप टेन में स्थान प्राप्त कर अवनी ने अपने कॉलेज एवं परिजनों का नाम रोशन किया है। अवनी समाजसेवी गौशाला निवासी सावित्री पांडेय के पुत्र मृत्युंजय कुमार की छोटी पुत्री है। अवनी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। कॉलेज के शासीय निकगय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह और प्रभारी प्राचार्य सुदीप पाल ने अवनी को बधाई देते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्पीड न्यूज

## स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया पर्यावरण दिवस



**गम्हरिया।** स्वदेशी जागरण मंच के सरायकेला खरसावां जिला पर्यावरण प्रमुख रश्मि साहू के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। मौके पर बुरूडीह पंचायत के सुधापुर में ग्रामोंनयन मिशन स्कूल के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, पर्यावरण जागरूकता, पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों ने विश्व का मानचित्र बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## डिजनीलैंड मेला का खूब आनंद ले रहे बच्चे



**जमशेदपुर।** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान मे काफी धुम-धाम से चल रहा है एवं काफी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है फन वर्ल्ड के संचालक चंद्रशेखर पर्वत ने कहा कि गर्मी की छुट्टी में न केवल बच्चों के लिए बल्कि बड़ों के लिए भी इस भाग-दौड़ की दुनिया में मनोरंजन का एक बेहतर साधन प्रत्येक वर्ष लेकर आता है, खासकर यह सुनामी झुला बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय होगा।

## परशुराम परिवार ने किया पौधरोपण




**जमशेदपुर।** पर्यावरण दिवस पर परशुराम परिवार, जमशेदपुर ने पर्यावरण संरक्षण हेतु हनुमान मंदिर गोस्वामी पथ, भाटिया बस्ती, कदमा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया। मौके पर परिवार के प्रमुख अवधेश पाठक, शिव शंकर पाण्डेय, अजय पांडेय, शशिकांत तिवारी, बरुण पांडेय, सचिन पांडेय, चंदना बनर्जी, किशोर दुबे, मंदिर प्रमुख शंकर रेड्डी, सत्यनारायण मिश्रा, अभिषेक त्रिगुण, राजीव रंजन पांडेय एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शहीद निर्मल सेवा सदन ने लगाये कई पौधे



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को शास्त्री नगर, कदमा स्थित जॉगर्स पार्क में शहीद निर्मल सेवा सदन (जन स्वास्थ्य के प्रति समर्पित सामाजिक संस्था) द्वारा पौधारोपण सह जन जागरण कार्यक्रम किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्र के प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अशोक सिंह ने पौधरोपण के साथ की। इसके बाद संस्था के कार्यकारिणी सदस्य सुभाष बोस, रूपेश ठाकुर, राजेश भगत, विनोद रजक, विद्यानंद यादव, शुभाशीष सरकार (ट्यूबलू), गौतम बोस एवं कई छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में हिस्सा लिया।

## नांगलकाटा तालाब का जल्द होगा सौंदर्यीकरण




**सोनुवा, पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी के प्रयास से सोनुवा के ऐतिहासिक नांगलकाटा तालाब के दिन बहुरने वाले है। विधायक ने संबंधित विभाग को तालाब के सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया है। विधायक ने कहा है कि नांगलाकाटा तालाब ऐतिहासिक है, ऐसे में इसका अस्तित्व मिटने नहीं दिया जायेगा।

# दृढ़ संकल्प और समर्पित मेहनत से साकार होते हैं बड़े सपने : मोहन रावत

- ढोल-नगाड़ों, करतल ध्वनि और फूल मालाओं के साथ माउंट एवरेस्ट फतह कर लौटे मोहन रावत का हुआ भव्य स्वागत
- टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन ने अपने वरिष्ठ प्रशिक्षक का किया अभिनंदन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





जेआरडी स्पोट्स कंपलेक्स में ओपन जिप्सी पर लोगों का अभिवादन करते हुए विजय चिह्न बनाते मोहन रावत और माउंट फतह करने पर मोहन रावत को सम्मानित करते टाटा स्टील के वीपी डीबी सुंदर रामम। साथ में हेमंत गुप्ता और मुकुल विनायक चौधरी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के समर्पित वरिष्ठ प्रशिक्षक मोहन रावत ने 18 मई 2025 को सुबह 5:20 बजे (नेपाल समय अनुसार) माउंट एवरेस्ट के शिखर पर सफलतापूर्वक चढ़ाई पूरी की। एवरेस्ट की चढ़ाई पूरी करने के बाद, मोहन रावत 26 मई को भारत लौटे। इसके बाद वे अपने घर उत्तराखंड गए और 4 जून को जमशेदपुर पहुँचे। जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और टीएसएएफ के चेयरमैन के साथ-साथ टाटा स्टील के वरिष्ठ नेतृत्व, अधिकारी, कैडेट और उत्साही पर्वतारोहियों की उपस्थिति में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह उपलब्धि टीएसएएफ के लिए एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, जिसने अब तक बछेंद्री पाल के ऐतिहासिक आरोहण (1984) के बाद 13 सफल एवरेस्ट पर्वतारोहियों को समर्थन और प्रशिक्षण दिया है।

मौके पर मोहन रावत ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा की, जो उत्तरकाशी के एक छोटे से गाँव से शुरू होकर विश्व की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एवरेस्ट, तक पहुंची। उन्होंने बताया कि इस सफर में उन्हें मिली प्रेरणा, कठोर प्रशिक्षण, सामने आयी चुनौतियां और टीएसएएफ तथा टाटा स्टील का मजबूत समर्थन उनकी सफलता की कुंजी थी। उन्होंने कहा कि उन्होंने जीवनभर बिना किसी अपेक्षा के लगातार मेहनत की, और जब अवसर मिला, तो उन्होंने अपनी पूरी क्षमता से भी अधिक प्रयास किया, जिससे वे एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी चीज का सपना देखते हैं और समर्पित होकर मेहनत करते हैं, तो एक दिन वह सपना जरूर सच होता है।

### रावत ने माउंट एवरेस्ट पर फतह कर लौहनगरी को गौरवान्वित किया : डीबी सुंदर रामम

डी बी सुंदरा रामम, चेयरमैन, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन एवं वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने उन्हें बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और कहा, मोहन रावत का एवरेस्ट शिखर पर सफल चढ़ाई टीएसएएफ के लिए गर्व का पल है। उत्तरकाशी के एक छोटे से गाँव से लेकर विश्व की सबसे ऊंची चोटी तक उनकी यात्रा उस साहस, अनुशासन और साहसिक भावना का प्रतीक है जिसे हम बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। यह एक सशक्त उदाहरण है कि दृढ़ता और उद्देश्य के साथ क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। मोहन की इस उपलब्धि ने हमें जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को विकसित करने और साहसिक कार्यों के जरिए मानव संभावनाओं की नई ऊँचाइयों को छूने की प्रतिबद्धता को और दृढ़ करने का संदेश दिया है।

### ऐसा रहा मोहन रावत का माउंट एवरेस्ट अभियान

मोहन ने अपनी यात्रा भारत से 10 अप्रैल, 2025 को शुरू की। काठमांडू में प्रारंभिक परमिट देरी के बावजूद, उन्होंने खुम्बू क्षेत्र के माध्यम से ट्रेकिंग करते हुए 3 मई को एवरेस्ट बेस कैंप (17,500 फीट) तक पहुंच बना ली। अपनी अनुकूलन प्रक्रिया के तहत, उन्होंने 2 मई को माउंट लोबुचे ईस्ट (20,075 फीट) की चढ़ाई की।

# 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन और मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का उद्घाटन

- टाटा स्टील लि. और टाटा स्टील यूआइएसएल ने 1000 से अधिक पौधे लगाये
- विश्व पर्यावरण दिवस पर कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता को नया आयाम दिया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





पंपिंग स्टेशन का उद्घाटन करते डीबी सुंदर रामम और रितुराज सिंह और बलदेव बस्ती एरिया में पौधरोपण करते डीबी सुंदर रामम। साथ में खड़े हैं डीएफओ सबा आलम अंसारी।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जमशेदपुर ने आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत भविष्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने उलियान, कदमा में 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन (एसपीएस) और मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं का उद्घाटन डी. बी. सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, और रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील; वरुण बाजाज, चीफ, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एवं डेवलपमेंट, टाटा स्टील; विनिता सिंह, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, और टाटा स्टील एवं टाटा स्टील यूआईएसएल के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व के सदस्य भी उपस्थित थे।

नव उद्घाटित 500 केएलडी सीवेज पंपिंग स्टेशन शास्त्री नगर, कदमा के प्रमुख क्षेत्रों को सेवा प्रदान करेगा। यह पूरी तरह से स्वचालित प्रणाली से लैस है, जो अपने आप शुरू और बंद करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे संचालन सहज और कुशल होता है। यह आधुनिक संरचना सीवेज प्रबंधन को बेहतर बनाने, मानवीय हस्तक्षेप कम करने व एक स्वच्छ तथा स्वस्थ शहरी वातावरण के समर्थन के लिए डिजाइन किया है।

इसके अलावा, उलियान में स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी टाटा स्टील की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो इंटीग्रेटेड म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सीटीओ 2 योजना के तहत विकेंद्रीकृत कचरा प्रबंधन संरचना स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

यह सुविधा प्रतिदिन 5 मीट्रिक टन तक सूखे कचरे को प्रभावी रूप से संसाधित करने में सक्षम है। अत्याधुनिक छंटाई और प्रसंस्करण तकनीकों से सुसज्जित, यह केंद्र प्लास्टिक, धातु, कागज, कांच जैसे बहुमूल्य संसाधनों को पुनः प्राप्त कर उन्हें अपसायक्लिंग और रीसायक्लिंग के लिए भेजेगा। इससे न केवल कचरा कम होगा, बल्कि शहर की सर्कुलर इकॉनमी को भी मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर जमशेदपुर के कई प्रमुख स्थानों पर 1000 से अधिक पौधे लगाये गये। यह पौधरोपण अभियान बालदेव बस्ती (जुगसलाई), इंदिरनगर के सी-2 तालाब के पास आई एस डब्ल्यू पी, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर और सीवेज पंपिंग स्टेशन के निकट आयोजित किया गया। सीटू तालाब क्षेत्र में, डॉ. एस. जे. डे, प्लांट हेड, टिनप्लेट डिवीजन, और जे. के. सिंह, प्लांट हेड, वायर डिवीजन, के साथ-साथ यूनियन पदाधिकारी श्रीकांत सिंह, पंकज कुमार सिंह, परमिंदर सिंह और राकेश्वर पांडे भी उपस्थित थे। यह आयोजन इस वर्ष की थीम, प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं, के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें प्लास्टिक कचरे को कम करने और स्वच्छ एवं स्वस्थ इकोसिस्टम बनाने के लिए हरियाली बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

# एक नजर में

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में लगाये गये पौधे



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर एनएसएस इकाई और ईको क्लब ने एक भव्य पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। यह पहल छात्रों और विवि के शिक्षकों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता और सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गयी थी। मौके पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो (डॉ) एसएन सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा, आज लगाया गया प्रत्येक पौधा एक बेहतर कल का संकल्प है। आइए हम सभी प्रकृति को संरक्षित करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने की जिम्मेदारी निभाएं। ईको क्लब से जुड़े शिक्षकगण और उत्साही छात्र स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने न केवल परिसर में पौधे लगायें।

## बीएसीईटी में घुटिया के मुखिया हरिपद सिंह और नरगा में भागीरथी सिंह ने किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ जमशेदपुर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसके तहत सालबनी और घुटिआ में मुखिया हरिपद सिंह ने पौधरोपण कार्यक्रम किया और नरगा में भागीरथी सिंह ने पौधे लगाये। कॉलेज प्रांगण में प्राचार्य डॉ संजय रॉय ने पौधरोपण किया। मौके पर कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स, कर्मचारी एवं विद्यार्थी थे। स्वागत भाषण मैकेनिकल विभाग के प्रोफेसर डॉ परीक्षित महतो ने दिया।

## प्रदेश कांग्रेस के सचिव राकेश तिवारी ने विजया गोल्डन टाउन में किया पौधरोपण



**जमशेदपुर।** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं विजया गोल्डन टाउन ओनर्स एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश तिवारी ने सोनारी स्थित अपने 232 प्लेट के आवासीय परिसर मे सोसाइटी के सदस्यों के सहयोग से अनेकों पेड़ पौधे लगाये। श्री तिवारी ने कहा कि सृष्टि का मूल आधार प्रकृति है इसलिए इसके संवर्धन और संरक्षण के लिए सभी को आगे आकर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर अपने लिए एवं आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति में संतुलन बनाए रखने का काम करना चाहिए।

## बिरसानगर : बोल बम सेवा ट्रस्ट ने किया पौधरोपण, चलाया जनजागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025) पर बोल बम सेवा ट्रस्ट ने प्रगति सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बिरसानगर, जमशेदपुर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जनजागरूकता अभियान आयोजित किया। मौके पर छात्रों, अध्यापकों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में अनेक पौधे लगाये एवं पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर विचार व्यक्त किये। इसे सफल बनाने में प्रगति सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष बीके मंडल, आचार्य अंजय मोदी, टीआरएफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशन के हेड कौशिक दत्ता, यूआर राजू, शोभिक शेखर, इंद्रजीत सिंह, राकेश सिंह, अनीश कुमार, बबन पांडेय, कपिल देव मिश्रा, राहुल जुटे रहे।

## नवयुग दल ने मनायी गायत्री जयंती



**जमशेदपुर।** गुरुवार को गायत्री परिवार नवयुगदल युवा प्रकोष्ठ एवं प्रज्ञा महिला मंडल ने गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में गायत्री जयंती पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि गायत्री जयंती के साथ-साथ गंगा दशहरा का भी पावन पर्व है। आज ही के दिन वर्ष 1990 में सबके आराध्य वेदमूर्ति पंडित श्री राम शर्मा आचार्य जी का महा प्रयान दिवस भी है। इसलिए आज गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने प्रातः 5 बजे से सामूहिक जप ध्यान किये तथा 7 बजे से हवन यज्ञ से सबके लिए सद्बुद्धि एवं सबके उज्ज्वल भविष्य एवं विश्व शांति की कामना करते हुए यज्ञ कुंड में आहुति दी। पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीय माता जी के युग निर्माण महा अभियान के विषय में बतायेंगे तथा मिशन के सक्रिय कार्यकर्त्ता बनाकर उन्हें मिशन के साथ जोड़ेंगे। अंत में लोगों ने गुरु चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर अपने संकल्प को पूरा करने हेतु अपने संकल्प को भी पूज्य गुरु चरणों में समर्पित किये।

## पतंजलि सोशल मीडिया टीम ने टेल्को कॉलोनी में विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया



**जमशेदपुर।** पतंजलि सोशल मीडिया पूर्वी सिंहभूम टीम ने टेल्को कॉलोनी में विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत तुलसी बेल वाटिका का विस्तार किया गया। इस उपलक्ष्य में सैकड़ो औषधीय पौधे लगाये गये, जिसमें तीन प्रकार की तुलसी, दो प्रकार के सदाबहार, पत्थरचट्टा, नागदोन, अपराजिता, बेल, पपीता आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर पतंजलि सोशल मीडिया के जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि ज्ञात ग्रहों में पृथ्वी ही एकमात्र ग्रह है जहां सभी प्राणियों का निवास स्थान है। पृथ्वी पर ही जीवन संभव है। वसुधा है तभी वसुधैव कुटुंबकम भी है। अतः हम सभी को इस धरती मां को हरा-भरा बनाए रखने में यथासंभव सहयोग करना चाहिए। पतंजलि जिला यज्ञ प्रभारी आशुतोष कुमार झा ने विविध औषधीय पौधों के गुणधर्म और उसकी उपयोगिता को विस्तार से बताया। वरिष्ठ योग शिक्षक शिवप्रसाद सिंह ने बताया कि कैसे बहुत ही कम लागत में पौधशाला बनाकर सैकड़ो की संख्या में पौधे तैयार कर बरसात के मौसम में वृहद पौध रोपण किया जा सकता है।

# जमशेदपुर महिला विवि में मद्यपान निषेध जागरूकता अभियान संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी एवं बीसीए विभाग ने 02/06 /2025 विवि के सिदगोड़ा कैंपस में मद्यपान निषेध जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विवि प्रांगण से बागुणहातु चौक तक ठेले वाले, ऑटो वाले, खोमचे वाले सभी को धूम्रपान से होने वाले नुकसान जैसे तरह-तरह की बीमारियों आदि से अवगत कराया। आज के समय में नशा किस प्रकार हमारे घर, परिवार, समाज को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहा है, स्कूली बच्चे किस तरह नशे की लत में अपने आने वाले भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं साथ ही समाज के नौजवान किस तरह नशे की लत में लग अपने उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में ले जा रहे हैं इन सब बातों को छात्राओं ने अपने नुक्कड़ नाटक द्वारा आसानी से लोगों के बीच पहुंचाया। इसे सफल बनाने में एनएसएस ऑफिसर डॉ सुनीता कुमारी, एनसीसी ऑफिसर प्रीति सोनकर, बीसीए विभाग के रितेश कुमार ठाकुर लगे रहे।

# पोटका पहुंची सांसद जोबा माझी ने पीएचईडी व ग्रामीणों के बीच कराया विवाद का निपटारा

- सांसद के हस्तक्षेप के बाद पोटका हो साई के ग्रामीणों को मिलेगा योजना का पानी, सांसद ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



हो साई गांव के लोगों को समझाती सांसद जोबा माझी।

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के पोटका हो साई में हर घर नल जल योजना के लिए पाइप बिछाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच गुरूवार को सांसद जोबा माझी ग्रामीणों से मिलने पहुंची। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जितेंद्र कुमार कुजूर, सहायक अभियंता सिद्धांत कंडुलना एवं कनीय अभियंता सचिन कुमार भी उपस्थित रहे। सांसद ने उपस्थित ग्रामीणों से विरोध का कारण जाना एवं उनकी मांगों को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि हर घर नल जल योजना के तहत पोटका हो साई बस्ती के बीच रास्ते से पाइप बिछाया जा रहा है। इस दौरान सड़कों एवं सड़क किनारे के कच्चे घरों को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं उनकी मांग है कि योजना का लाभ बस्ती के ग्रामीणों को भी दिया जाए। ग्रामीणों को बातों को सुनने के बाद सांसद ने विभागीय अधिकारियों को कई निर्देश दिया।

# पर्यावरण दिवस पर कांग्रेस ने किया शहीद सैनिकों के नाम पर पौधरोपण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लक्ष्मीनगर साइंटिफिक उद्यान में सुबह 7:00 बजे से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारीदुबे के द्वारा पौधारोपण का शुभारंभ हुआ। अतिथियों का स्वागत सतीश कुमार एवं प्रखण्ड उपाध्यक्ष संध्या ठाकुर ने पौधा प्रदान कर किया। अतिथियों के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी हमला में शहीद हुए सैनिक क्रमशः बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मो. इम्तियाज, राईफलमैन सुनील कुमार, मेडिकल असिस्टेंट सार्जेंट भारतीय वायू सेना सुरेन्द्र सिंह मोंगा, बीएसएफ कांस्टेबल दीपक चिंगखम, लांस नायक दिनेश कुमार शर्मा, सिपाही सुरज यादव, सिपाही अमर चौधरी, सिपाही सचिन यादव, एयरमैन कमल कंबोज, अग्नीवीर सिपाही मुरली नायक, सुबेदार मेजर पवन कुमार, सिपाही रामबाबू प्रसाद के याद में वृक्ष लगाया गया।

# यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने हुडको थीम पार्क में चलाया सघन स्वच्छता अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के झारखंड स्थित जमशेदपुर यूनिट के तत्वाधान में आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जमशेदपुर के टेल्को हुडको स्थित थीम पार्क परिसर में एक सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में लोग घूमने टहलने आया करते हैं। कुछ नासमझ लोगों द्वारा थीम पार्क परिसर में प्लास्टिक की बोतल, रैपर, पत्तल, दोना, पॉलिथीन बैग आदि कचरा उपयोग के उपरांत यत्र तत्र फेंक दिया जाता है जो गंभीर चिंता का विषय है। इसके समाधान पर विचार करते हुए और कचरे के निष्पादन का बीड़ा उठाते हुए आज यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के जमशेदपुर यूनिट के पदाधिकारी, अधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर योजना के तहत थीम पार्क परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अनावश्यक कचरो को एकत्रित कर सुरक्षित स्थान पर निष्पादित किया।

# पूर्व सीएम रघुवर व बन्ना ने ब्रह्मर्षि भवन कदमा और विधायक पूर्णिमा दास साहू ने सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में लगाये पौधे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





ब्रह्मर्षि भवन, कदमा में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता संग पौधरोपण करते पूर्व सीएम रघुवर दास और सूर्य मंदिर परिसर में पौध रोपण करतीं विधायक पूर्णिमा दास।

**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व सीएम रघुवर दास और पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने ब्रम्हर्षि भवन,कदमा परिसर में पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों मारे गए पर्यटकों की स्मृति में पौधरोपण किया। ब्रम्हर्षि विकास मंच के दीपू सिंह, और ब्रम्हर्षि विकास मंच के महासचिव राजकिशोर सिंह की अगुवाई में यह पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बड़ीसंख्या में ब्रम्हर्षि ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर ब्रम्हर्षि भवन की चाहरदिवारी के चारों और समाज के प्रबुद्ध जनों की स्मृति में भी पौधरोपण किया गया।

दूसरी ओर, सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने प्रकृति संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंदिर परिसर में कई पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, सूर्य मंदिर के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की मौजूदगी रही। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संतुलन के साथ आने वाली पीढ़ियों के स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का एक अति महत्वपूर्ण माध्यम है। कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

मौके पर भाजपा नेता मिथिलेश सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, सूर्य मंदिर समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, खेमलाल चौधरी, राकेश सिंह भी थे।

## बोकारो : युगांतर भारती द्वारा आयोजित देवनद-दामोदर महोत्सव में राज्यपाल ने की शिरकत

# पर्यावरण प्रदूषण आज वैश्विक चिंता का विषय : संतोष कुमार गंगवार




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जिले के तेलमच्चों ब्रिज समीप दामोदर नदी तट पर युगांतर भारती द्वारा आयोजित देवनद-दामोदर महोत्सव-2025 में सूबे के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जब विश्व पर्यावरण दिवस के साथ हम भारतीय अपनी सनातन परंपरा के अनुरूप गंगा अवतरण को भी स्मरण कर रहे हैं। यह दिवस प्रकृति और परंपरा दोनों के प्रति हमारे दायित्वों की याद दिलाता है। पर्यावरण प्रदूषण आज एक वैश्विक चिंता का विषय बन गया है। यह विचारणीय है कि हम किस प्रकार विकास की राह पर अग्रसर होते हुए प्रकृति और पर्यावरण के साथ संतुलन बनाए रखें। झारखंड प्राकृतिक संपदाओं से भरपूर राज्य है। यहां के वन पर्वत जलप्रपात और नदियां केवल दृश्य सौंदर्य नहीं, बल्कि जीवनदायिनी हैं। इनका संरक्षण हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है। आज का आयोजन देवनद-दामोदर महोत्सव न केवल हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, बल्कि यह पर्यावरणीय जागरूकता का भी सशक्त माध्यम है। मैं युगान्तर भारती संस्था को बधाई देता हूं जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण को एक जन-आंदोलन का स्वरूप दिया। दामोदर नदी केवल एक नदी नहीं बल्कि झारखंड की जीवनरेखा है। दामोदर स्वयं भगवान विष्णु का नाम है। इस महोत्सव के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि नदियों की पूजा केवल परंपरा नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है। यहां दामोदर की पूजा सिर्फ पूजा नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति आस्था और संरक्षण का संकल्प है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने पर्यावरण सुरक्षा पर अपने विचार व्यक्त किया। इससे पूर्व राज्यपाल के आगमन बोकारो परिसदन में डीसी अजय नाथ झा पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल गंगवार सहित विधायक जमशेदपुर पश्चिमी सरयू राय एवं विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बोकारो परिसदन परिसर में पौधरोपण किया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# एसकेएमयू के विभिन्न समस्याओं से राज्यपाल को कराया गया अवगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पूर्व प्रभारी कुलपति डॉ बिमल कुमार सिंह के दो वर्षों के कार्यकाल समेत विवि के विभिन्न समस्याओं को लेकर राजभवन, रांची में कुलाधिपति सह राज्यपाल संतोष गंगवार से प्रतिनिधिमंडल मिले। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमन राज ने किया। इस अवसर पर अमन राज ने वीरांगना फूलों झानो मुर्मू की तस्वीर, साहेब मिश्रा और विश्वराज सिंह ने बाबा बासुकिनाथ की तस्वीर एवं दीप्तांशु ने शॉल भेंट कर कुलाधिपति को सम्मानित किया। इस बावत महामंत्री अमन राज ने कहा कि कुलाधिपति से एसकेएमयू के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में बृहद पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार हुए है। विश्वविद्यालय के पांच अंगीभूत बीएड कॉलेजों में से एनसीआरटी के द्वारा दो कॉलेज की मान्यता समाप्त, दो कॉलेजों की मान्यता समाप्त की नोटिस एवं बचे एक कॉलेज को भी नोटिस पूर्व प्रभारी कुलपति के लापरवाही के कारण हो गई। प्रभारी कुलपति के कार्यकाल में नीड बेस्ड प्राध्यापकों की बहाली में भी नियमों को अनदेखी करके अपने संबंधी रिश्तेदारों को नियुक्त करने का आरोप लगाया।

## एक नजर में

### तीन दिनों के भीतर ट्रांसफार्मर मरम्मत नहीं होने पर जेई के वेतन निकासी पर लगेगी रोक : डीसी

दुमका। विद्युत कार्य एवं विद्युत आपूर्ति प्रमंडल से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने कार्यालय कक्ष में किया। बैठक में जिले में चल रहे आरडीएसएस एवं मुख्यमंत्री ऊर्जा योजना के कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। डीसी ने निर्देश दिया कि योजनाओं से संबंधित कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जायें। उन्होंने आरडीएसएस के तहत कार्य कर रही टेक्नो कंपनी एवं मुख्यमंत्री ऊर्जा योजना में कार्यरत एजेंसी की धीमी कार्य प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रोजेक्ट मैनेजर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, विशेष परिस्थिति में यदि विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो न्यूनतम समय में मरम्मत कर आपूर्ति बहाल करना का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के किसी भी क्षेत्र से ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के भीतर मरम्मत नहीं होने की स्थिति में संबंधित कनीय अभियंता (जेई) की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके वेतन की निकासी पर रोक लगाई जाएगी। समीक्षा के दौरान स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन कार्य की स्थिति पर भी चर्चा हुई। डीसी ने निर्देश दिया कि स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में आगामी राजकीय श्रावणी मेला के दौरान विद्युत आपूर्ति से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस के लिए सभी विद्युत तारों एवं संयंत्रों की जांच कर किसी प्रकार की कमी नहीं होने का निर्देश दिया।

### गोड्डा डीसी ने आजिविका संकुल संगठन की दीदियों को वाहनों की चाबी की भेंट



गोड्डा। समाहरणालय परिसर से डीसी अंजली यादव के द्वारा आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत गोड्डा जिला अंतर्गत बसंतराय, बोआरीजोर, सुंदरपहाड़ी प्रखंडों में पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा गठित तीन संकुल संगठन की दीदियों को गाड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, इसलिए वे स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आजीविका में बढ़ोतरी करके आत्मनिर्भर बन सकती हैं। महिलाओ के आर्थिक विकास हो इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के दौरान बसंतराय प्रखंड में-बाघाकोल आजीविका संकुल संगठन,बोआरीजोर प्रखंड में राजाभीट्ठा आजीविका संकुल संगठन, सुंदरपहाड़ी प्रखंड में-चन्दना आजीविका संकुल संगठन को गाड़ी की चाबी वितरित की गई ताकि वे अपनी आजीविका का सुचारू रूप से निर्वहन कर सके। कार्यक्रम के दौरान डीसी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया गया। मौके पर डीडीसी स्मिता टोप्पो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा दीदियां उपस्थित थी।

### सीसीएल बीएंडके में मना विश्व पर्यावरण दिवस



फुसरो। सीसीएल बीएंडके एरिया की ओर से कार्यालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। यहां महाप्रबंधक चितरंजन कुमार ने कार्यालय परिसर में झंडोत्तोलन किया। मौके पर सीसीएल अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं सहित अन्य लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस अवसर पर ऑफिसर क्लब करगली में शिशु विकास विद्यालय संडे बाजार, चिलड्रेन पराडाइज स्कुल संडे बाजार तथा पिट्स मोर्डन स्कूल के बच्चो के बीच ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अव्वल आये बच्चों को जीएम ने पुरस्कृत किया। अन्य बच्चों को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। यहां जीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सभी का दाईत्व होना चाहिए। इसके प्रति सभी को जागरूक होने की जरूरत है। मौके पर एएफएम ज्ञानेंदु चौबे, मोहित कुमार, जीएम माइनिंग कन्हैया शंकर गेहवाल, कारो मैनेजर चिंतामन मांझी, प्रवीण कुमार, पीएन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

### सीसीएल ढोरी ने दामोदर नदी तट पर चलाया स्वच्छता अभियान



फुसरो। विश्व पर्यावरण दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सीसीएल ढ़ोरी के अधिकारियों तथा यूनियन प्रतिनिधियों ने पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से फुसरो स्थित हिंदुस्तान पुल के समीप दामोदर नदी तट पर सफाई अभियान चलाया गया। यहां लोगो ने दामोदर नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही सभी को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं सीसीएल के सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरे कोल इंडिया में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी यूनियन सदस्यों के साथ कूड़ा तथा प्लास्टिक का निष्पादन हेतु स्वच्छता अभियान गया है। कहा कि सर्वप्रथम हमे अपने घर तथा आस पास क्षेत्र से स्वच्छता की शुरूआत करे। उसके उपरांत एक संकल्प लेते हुए अपने नगर क्षेत्र एवं आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना होगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि दामोदर नदी को स्वच्छ रखें। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि आज गंगा दशहरा है आज ही के दिन गंगा धरती पर अवतरित हुयी थीं। मौके पर सीसीएल ढोरी के कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूयके, यूनियन प्रतिनिधियों में जवाहरलाल यादव, राजेश्वर सिंह, आर उनेश, कुंज बिहारी प्रसाद, धीरज पांडेय, महेंद्र चौधरी सहित अनिल चंद्र झा, पिंकू गुप्ता, पंकज पांडेय, बसंत पाठक, बबलु सिंह, संदीप कुमार, सनी कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### पर्यावरण दिवस पर आर्य समाज मंदिर प्रांगण में किया गया दर्जनों औषधीय पौधरोपण




गोड्डा। जिला सदर प्रखंड अंतर्गत आर्य समाज मंदिर अमरपुर के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल इक्वीटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल के बैनर तले ओषधीय पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के अगुवाई कर रहे डॉ निर्मल मंडल मणिलाल मंडल नीलकांत आर्य ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण से बचने के उपाय पर्यावरण संरक्षण हैं। सभी ने संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक होने की आवश्यकता है। झारखंड एडवेंचर सोशल मीडिया इंफ्लून्सर सूरज कुमार गौतम कुमार कुंदन ठाकुर माखन लाल ठाकुर, संजय यादव, किशन कुमार, परीक्षित मंडल प्रेमी, दिवाकर आर्य, भावेश शास्त्री मनीलाल मंडल व ग्रामीण ओर कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे हैं सभी ने एक एक करके चंदन आंवला हरसिंगार बेल अमरूद नीम बरगद पीपल पान आम कटहल सागवान फलदार व ओषधीय पौधा का रोपण किया। ओषधीय पौधा रोपण कार्यक्रम राष्टीय सुद्धी समाज के द्वारा पिछले 5 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है कि हर मंदिर के प्रांगण में ओषधीय पौधा लगाया जाय अब तक हजारों ओषधीय पौधा रोपण किया गया है।

### गोमिया थाना में शांति समिति की बैठक



बेरमो। गोमिया थाना में बकरीद पर्व को लेकर एक शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें सभी गणमान्य व्यक्ति और प्रतिनिधि को बुलाया गया और बकरीद को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए इसके बारे में सारी जानकारी दी गई और कानून द्वारा जारी किया गया निदेर्शों का पालन करने को कहा गया जिसमें गाय की बलि को पूर्ण रूप से निषेध करने को कहा गया और बकरीद को मनाने के लिए उसमें बकरे की बलि देने का प्रावधान रखा गया ताकि किसी प्रकार का कोई भी हिंसक घटना ना हो सके और शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाया जा सके इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने सरकार द्वारा जारी सभी कानूनी नियमों को विस्तार पूर्वक शांति समिति में आए सभी जनप्रतिनिधियों को बताया और उनका पालन करने को कहा मौके पर उपस्थित सीओ और वीडियो सर ने भी कानून द्वारा संचालित नियमों द्वारा बकरीद मनाने की गुजारिश की और सभी को बकरीद की शुभकामनाएं दी गोमिया थाना प्रभारी रवि कुमार ने यह आश्वासन दिया कि वह बकरीद पर्व में किसी भी तरह का हिंसक घटना नहीं होने देंगे और वह ग्रामीणों के साथ तत्पर खड़े रहेंगे ताकि किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना ना हो सके।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



बोकारो। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बोकारो जिला के अध्यक्ष राजदेव माहथा व आंदोलनकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण के नेतृत्व में आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी अजय नाथ झा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान के रूप में प्रतीक चिन्ह एवं स्मृति चिन्ह देने तथा गजट नोटिफिकेशन के आधार पर तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय नौकरियों में पुत्र-पुत्री एवं पोते-पोतियों को 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के संदर्भ में मांग पत्र सौपा। साथ ही बोकारो जिला के विस्थापितों के संदर्भ में एक मांग पत्र देकर विस्थापितों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। इस पर डीसी झा ने कहा कि सभी को समान दृष्टि से सम्मान दिया जाएगा। उनकी प्राथमिकता होगी कि किसी के मान सम्मान में ठेस न पहुंचे-इसका वह पूरा-पूरा ख्याल रखेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो जिला प्रवक्ता खगेंद्र नाथ वर्मा टीआर महतो आचार्य रामेंद्रानंद आचार्य सवितानंद आदि मौजूद रहे।

### परमपूज्य स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती के ज्ञान यज्ञ का आयोजन, 12 से 17 जून तक



बोकारो। चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा 12 जून से 17 जून तक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस ज्ञान यज्ञ में चिन्मय मिशन के प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती चिन्मय विद्यालय में अपने मधुर वाणी से बोकारो वासियों को भक्तिरस की गंगा में डुबाऐगें। स्वामी अद्वैतानंद जी अपने श्रीमुख से जनवृत-5 स्थित चिन्मय मिशन में प्रातः 06:45 बजे 07:45 बजे तक एवं चिन्मय विद्यालय बोकारो में संध्या 7:00 बजे से 08:30 बजे तक ज्ञान यज्ञ में प्रवचन देंगे। समस्त जानकारी चिन्मय मिशन जनवृत 5 के अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय ने दी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी परम पूज्य स्वामीजी के प्रवचन से बोकारोवासी भक्तिरस से लाभांवित हो चुके हैं। स्वामी अद्वैतानंद जी चिन्मय मिशन में आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा रचित धन्याष्टकम् स्तोत्र एवं चिन्मय विद्यालय में अयोध्या कांड पर भक्तों को प्रवचन देंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय व विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि चिन्मय परिवार बोकारो वासियों से आग्रह करता है कि तय तिथि में पधार कर भक्तिरस का लाभ उठाएं एवं अपने जीवन को आनंदमय बनाएं।

### बोकारो डीसी के निर्देश पर आयोजित होगा रक्तदान शिविर

तेनुघाट कोर्ट। अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने बताया कि उपायुक्त बोकारो के निर्देश के पर शुक्रवार 06 जून को तेनुघाट सिंचाई विभाग के अतिथि भवन में भारतीय रेड क्रास बोकारो इकाई द्वारा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने दी और आगे बताया कि उपायुक्त महोदय ने आमजनों से आगे बढ़ कर रक्त दान करने का अपील किया है। साथ उन्होंने बताया कि रक्त कोई फैक्ट्री या लैब में तैयार नहीं किया जा सकता है। बॉर्डर पर लड़ रहे सैनिक जो हम सबों की रक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना दुश्मनों से लड़ रहे गोली बारी में जख्मी हुई सिपाहियों रक्त की आवश्यकता होती है, तथा जरूरत मन्द को रक्त की आवश्यकता होती है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पेटरवार में आयोजित कार्यक्रम में बोले मंत्री योगेंद्र प्रसाद

# विकास के साथ जंगलों का विनाश बर्दाश्त नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** वन सभागार में मंत्री योगेंद्र प्रसाद को डी एफ ओ रजनीश कुमार के द्वारा बुके और एक पौधा देकर स्वागत किया गया। ततपश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन सभागार, पेटरवार में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बातें कही। उन्होंने दो टूक कहा कि विकास के नाम पर जंगलों का विनाश किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंत्री ने पेटरवार प्रखंड अंतर्गत एनएच-23 और कसमार-पेटरवार सड़क चौड़ीकरण के क्रम में बड़ी संख्या में काटे गए पेड़ों के बाद अब तक वृक्षारोपण नहीं होने पर चिंता जताई और उन्होंने कहा कि इस मामले पर गहन जांच की जाएगी और इस पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र के खाली स्थानों पर वन विभाग के अधिकारियों को अविलंब वृक्षारोपण शुरू करने का सख्त निर्देश दिया। इसके साथ ही मंत्री श्री प्रसाद ने वन विभाग में मानव संसाधनों की कमी को भी स्वीकार किया और बताया कि झारखंड सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को सेवा विस्तार देने की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही सृजित पदों पर नई नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरणीय संतुलन दोनों को साथ लेकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने आमजनों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और भावी पीढ़ी के लिए हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस दौरान डीएफओ रजनीश कुमार ने लोगों से वन को संरक्षित करने में सहयोग करने की अपील की। बोकारो वन प्रमंडल में हो रही अवैध सफेद पत्थर की तस्करी के मामले पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पूरे बोकारो वन प्रमंडल क्षेत्र में सफेद पत्थर की लीज नहीं है। अगर कहीं भी सफेद पत्थर की अवैध उत्खनन किया जा रहा है तो अवैध है उसकी जानकारी दी जाए उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### होसिर हाई स्कूल में नवनिर्मित भवन का उदघाटन



मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम होसिर स्थित होसिर हाई स्कूल में गुरुवार को सीसीएल, सीएसआर मद से 4 कमरों के नवनिर्मित भवन का शुभ उदघाटन किया। यहां विद्यालय परिसर में मंत्री का स्कूल प्रबंधन के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के 2 होनहार छात्र जैक बोर्ड 2025 की 10वीं की परीक्षा में बोकारो जिला में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले अनिकेत प्रसाद को 11 हजार और जिला में दसवां स्थान प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार को 5,100 रुपये देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर मंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप दोनों छात्र ने न सिर्फ अपने विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्रका नाम रोशन किया है। आप दोनों पर हम सभी गर्व है। आगे भी आप अपनी मेहनत और लगन के बल पर हर मुकाम हासिल करें, ऐसी कामना है। साथ ही मंत्री ने विद्यालय की आवशकताओं से भी अवगत हुए और विद्यालय के सचिव को सभी विसंगतियों को दूर करने के सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने के लिए हम प्रयत्नशील हैं। मौके पर संतोष साव, अमित पासवान, दिलीप यादव, भरत रविदास, रामदेव रविदास, टुनटुन राम, किशोर उपस्थित थे।

## बोकारो डीसी के जनता दरबार में लगी फरियादों की कतार, किया समाधान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीसी अजयनाथ जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में काफी तत्पर व सजग दिख रहे हैं। उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को साफ-साफ निर्देश जारी कर दिया है कि वे बिना किसी वजह के आमजनों को परेशान न करें। अपने कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में उन्होंने दर्जनों लोगों की फरियादें सुनीं तथा ऑन द स्पॉट यथासंभव उनके समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई भी की। 42 से अधिक महिला-पुरुष बुजुर्ग नौजवान सहित सभी तबके के फरियादी उनसे मिले और संतुष्ट हो बाहर निकले। डीसी ने शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। डीसी झा ने जिले के सभी बीडीओ एवं सीओ को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में ही प्रभावी रूप से आमजनों की समस्याओं का समाधान करने का सख्त निर्देश दिया। बेवजह आमजनों को परेशान नहीं करें।

उन्होंने मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी को इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर डीटीओ वंदना शेजवलकर डीपीआरओ रवि कुमार, पीयूष, डॉ सुमन गुप्ता व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शहर का ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर, सफाई, अतिक्रमण और यातायात व्यवस्था करें सुनिश्चित : डीसी दुमका



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर परिषद दुमका एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर जिला प्रशासन ने समीक्षात्मक बैठक गुरूवार को किया। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में नगर परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने कई आवश्यक निर्देश दिए। सिटी मैनेजर को शहर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। कहा कि साफ-सफाई को लेकर शिकायत प्राप्त नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। बारिश को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग कराने, साफ सफाई को लेकर उपयोग में लाये जाने वाले सभी जरूरी उपकरण दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। अगर कोई मशीन खराब अथवा चालू अवस्था मे नहीं है तो उसे अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया। शहरी पेयजलापूर्ति में किसी प्रकार कोई कठिनाई हो रही हो तो उसे संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए दूर करने का निर्देश दिया। जिससे आमजनों को कठिनाई नहीं हो। इस दौरान डीसी ने नगर परिषद को प्राप्त होने वाले रेवेन्यू एवं राशि के खर्च के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। यह निर्देश सभी दुकानदारों, व्यापारियों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए है। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद दुमका शीतांशु खलखो द्वारा जानकारी दी गयी कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए निविदा का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जो भी स्ट्रीट लाइट खराब हैं उन्हें दुरुस्त करे। जानकारी दी गयी कि चरणबद्ध तरीके से खराब स्ट्रीट लाइट को बदलने का कार्य किया जा रहा है। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से नालियों की साफ सफाई की जाये। नगर परिषद कार्यालय द्वारा नंबर जारी किया जाये। जिससे कोई भी व्यक्ति उपरोक्त नंबर पर संपर्क कर साफ सफाई के संबंध में शिकायत कर सके। डीसी ने निर्देश दिया कि रेवेन्यू कलेक्शन का कार्य लक्ष्य के अनुरूप करें। कहा कि प्रायः शहर के विभिन्न चौक चैराहों पर जाम की स्थिति रहती है। जिससे आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर आवश्यक कार्य किये जायें।

## गोड्डा जिला भाजपा की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दोनों कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। पहले सत्र में मंचासिन जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा जी, प्रदेश प्रवक्ता सह गोड्डा के पूर्व विधायक अमित मंडल, संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन जी , जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे जी और जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती जी थे, और मंच संचालन लक्ष्मी चक्रवर्ती ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अजय साह ने किया। इस सत्र में देश के 11 साल मोदी जी के बेमिसाल कार्यक्रम पर एक कार्यशाला आयोजित किया गया। इसमें सभी वरिष्ठ वक्ताओं ने 1, विकसित भारत की संकल्पना 2 विकसित भारत सशक्त भारत, 3 मोदी जी का सुशासन और गरीब कल्याण। पर तीन बिंदु पर फोकस हो।इसमें एक महीने लगातार चलने वाले कार्यक्रमों का लगातार सूची हैं। जिसमें प्रदेश के मंत्री, सांसद और प्रदेश के नेताओं की 1+2 के गठित कार्य शाला जिसमें , प्रेस वार्ता, प्रदर्शनी,प्रोफेसनल मीट , एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम को प्रदेश से लेकर जिला, मंडल तक योग आदि कई कार्यक्रमों की सूची के बारे में बताया गया। आज के कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल, जिला मीडिया प्रभारी बिमंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष लीलसी हेंब्रम, सरिता दुबे, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, मंत्री नीतेश सिंह, रामनरेश यादव, राजीव भगत, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरव सुमन, युवा मोर्चा महामंत्री सूरज सिंह, अशोक यादव, डब्लू भगत, एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुशील टुडू और सभी मंडल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गोड्डा डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान स्थापना उपसमाहर्ता के द्वारा सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए विभिन्न विभाग, कार्यालयों से प्राप्त आवेदन-प्रस्ताव को समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में डीसी द्वारा अनुकंपा से संबंधित सभी आवेदनों और प्रस्तावों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में 10 मृत कर्मचारियों के आश्रितों को विभिन्न विभागों में तृतीय, चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति करने को लेकर विचार विमर्श कर सभी मामलों पर त्वरित कार्रवाई की दिशा में संबंधित विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर डीडीसी स्मिता टोप्पो, अपर समाहर्ता प्रेमलता मुर्मू, सिविल सर्जन डॉ अनंत कुमार झा, अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी सहित अन्य मौजूद थे।